ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ कृष्ण पक्ष 06 ● विक्रम संवत 2079 ● शुक्रवार, 13 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-90 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

माधुरी दीक्षित को इंडियन आइडल-13 की... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### पूर्व केंद्रीय वित्त सचिव के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम मामले में पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम के दिल्ली और जयपुर स्थित परिसरों पर छापेमारी की है। राजस्थान कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी और 1978 बैच के मायाराम वर्तमान में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। सीबीआई के एक सूत्र ने कहा कि छापेमारी के दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। फिलहाल सीबीआई ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### फेक न्यूज फैलानेवाले छह यूट्यूब चैनलों का भंडाफोड़

**नयी दिल्ली।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने छह यूट्यूब चैनलों का भंडाफोड़ किया है, जो भारत में एक समन्वित तरीके से काम कर रहे थे और गलत जानकारी फैला रहे थे। फैक्ट चेक यूनिट ने इन चैनलों द्वारा फैलाई जा रही फर्जी खबरों का भंडाफोड़ करने के लिए 100 से ज्यादा फैक्ट चेकवाले छह अलग-अलग ट्विटर थ्रेड जारी किए। मंत्रालय ने बताया कि कार्यवाही किए गए चैनलों के नाम नेशन टीवी, सरोकार भारत, नेशन 24, संवाद समाचार, स्वर्णिम भारत और संवाद टीवी है। भंडाफोड़ किए गए इन यूट्यूब चैनलों ने चुनावों, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और भारत की संसद में कार्यवाही, भारत सरकार के कामकाज आदि के बारे में फर्जी खबरें फैलाई हैं।

### चाईबासा में दूसरे दिन लैंडमाइंस विस्फोट, दो जवान घायल

**चाईबासा।** चाईबासा में लगातार दूसरे दिन लैंडमाइंस विस्फोट की घटना में दो जवान बुरी तरह घायल हो गए। इससे पहले बुधवार को भी इसी जगह पर नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान लैंडमाइंस विस्फोट हुआ था, जिसमें छह जवान घायल हुए थे। सभी घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया गया है। बताया गया कि चाईबासा जिले के विभिन्न इलाकों में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और जिला पुलिस के जवान नक्सलियों के खिलाफ लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। बुधवार को टोंटो थाना क्षेत्र स्थित तुम्बाहाका में नक्सलियों के बड़े जमावड़े की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके आधार पर चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने अचानक पुलिस और सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी और एक लैंड माइंस का विस्फोट कर दिया, जिसकी चपेट में आकर छह जवान घायल शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू में असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा, मृतक को छोड़ भागी पुलिस

# पीसीआर वैन ने युवक को रौंदा

### पांच घंटे तक सड़क जाम, आश्वासन के बाद राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा जीएलए कॉलेज के पास बीती रात 10 बजकर 10 मिनट पर पीसीआर वाहन और स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे रेड़मा कचरवा टोला निवासी संजय कुमार प्रजापति उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक रेड़मा चौक स्थित संगीत इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में करीब 30 वर्षों से काम करता था। बुधवार की रात वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। तभी रास्ते में जीएलए कॉलेज के पास तेज गति से आ रहे पीसीआर वाहन ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। जिस कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने गुरुवार की सुबह रेड़मा चौक को करीब पांच घंटे तक जाम कर दिया। प्रदर्शन में शामिल लोग पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा ,नौकरी और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। परिजनों की मांग थी कि मृतक की पत्नी को नौकरी मुआवजा और उसकी सभी चार बेटियों को जिला प्रशासन पढ़ाई का खर्च उठाये। घटनास्थल पर एसडीओ राजेश शाह और सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग पहुंचकर उनकी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क को जाम से मुक्त किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे शेष पृष्ठ 11 पर



### करीब 5 घंटे तक रेड़मा चौक बदहाल

मौत के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा 5 घंटे तक रेड़मा चौक को जाम कर दिया गया था। जाम इतना जबरदस्त था कि राहगीरों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस जाम में छोटे-बड़े वाहनों को लेकर करीब 1000 वाहन जाम में फंसे हुए थे। वहीं सड़क जाम होने की वजह से सभी यात्रियों को पैदल चलकर जाते देखा गया। जाम हटने के बाद करीब 1 घंटे तक शहर के लोग शेष पृष्ठ 11 पर

# बूढ़ा पहाड़ से सात आईईडी बरामद

### नक्सल विरोधी अभियान में मिली बड़ी सफलता



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले के अति नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में लाटू के टोंगारी जंगल से सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों द्वारा लगाए गए सात बारूदी सुरंगों को बरामद कर नष्ट कर दिया है। जिला पुलिस और सीआरपीएफ 112 बटालियन के द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान सादो के दौरान बुधवार को यह सफलता मिली। जानकारी के अनुसार 112वीं वाहिनी की डी कम्पनी और वाहिनी एसएटी. बीडीडीएस व डॉग स्क्वायड के द्वारा बारेसाड़, थाना के अन्तर्गत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र लाटू गांव के जंगलों में विशेष आपरेशन 'सादो' चलाया गया। अभियान के दौरान बीडीडीएस व डॉग स्क्वायड में टावर ढुंगारी पहाड़ी पर दो अगल-अलग जगह पर कुल सात आईईडी बम बरामद किया गया। जिसे सुरक्षा बलों ने तत्काल निष्क्रिय कर दिया।

## झरिया में अग्नि व भू-धंसान

# खतरनाक इलाकों से 60 हजार लोग हटाए जायेंगे

### तीन महीने के अंदर सुरक्षित जगहों पर किए जायेंगे शिफ्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के झरिया कोलफील्ड इलाके के अग्नि प्रभावित एवं भू-धंसान वाले बेहद खतरनाक इलाकों में रह रहे लगभग 60 हजार लोगों को हटाकर आगामी तीन महीनों के भीतर सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा। केंद्रीय कोयला सचिव अमृत लाल मीणा और झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने इस इलाके में कोयले का खनन करनेवाली कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और जिला प्रशासन के अफसरों को दो महीने के टाइम फ्रेम के अंदर यह टास्क पूरा करने का निर्देश दिया है। झरिया कोयलांचल में 70 ऐसी साइट चिन्हित की गई है, जहां जमीन के भीतर मौजूद कोयले में लगी आग बेहद खतरनाक रूप ले चुकी है और आए रोज जमीन धंसने के हादसे हो रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, झरिया में अग्नि प्रभावित कुल 595 साइट है, लेकिन इनमें से 70 ऐसी है, जहां आबादी का एक पल भी रहना बेहद जोखिम भरा माना जा रहा है। पिछले कुछ शेष पृष्ठ 11 पर



# मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटी, सात की मौत

### घटना में दर्जनभर अन्य घायल

### पिकअप वैन में करीब 30 से ज्याद पुरुष और महिला मजदूर थे सवार

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला-खरसांवा**

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जन भर लोग घायल हो गए। यह वैन मजदूरों को लेकर चाईबासा से राजनगर की ओर जा रही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर दुख जताते हुए जिला प्रशासन के अफसरों को निर्देश दिया है कि जख्मी हुए लोगों का बेहतर इलाज सुनिश्चित कराएं। हादसा हाता-चाईबासा मुख्य मार्ग के लाकड़ाकोचा मोड़ पर हुआ। बताया गया कि तेज रफ्तार पिकअप वैन में करीब 30 से ज्याद पुरुष और महिला मजदूर सवार थे। कुछ मजदूर वैन के कैबिन के ऊपर बैठे थे और कुछ पिकअप वैन के अंदर बैठे थे। लकड़ा कोचा घुमावदार मोड़ के समीप चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पलट गई। कई मजदूर काफी दूर जा गिरे, जबकि कुछ अंदर दब गए। बताया जा रहा है कि ज्यादातर मजदूर पश्चिमी सिंहभूम के गालूबासा और गागरी के रहनेवाले हैं। पिकअप वैन का चालक खरसावां का रहनेवाला है, जो वह मौके से फरार हो गया है। घटना के बाद तेज आवाज सुन शेष पृष्ठ 11 पर



### हादसे में मृतक

हादसे में मारे गये लोगों में जाम्बी बानरा, भोले बानरा और महेश्वर बानरा के अलावा चार अन्य हैं। चार मृतकों की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो पाई है। घायलों को इलाज के लिए राजनगर सामुदायिक केंद्र पहुंचाया गया है, जहां से गंभीर घायलों को इलाज के लिए जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया है।

## पीएम के हुबली रोड शो के दौरान सुरक्षा में सेंध

# युवक ने माला पहनाने की कोशिश की

**एजेंसी। हुबली**



कर्नाटक के हुबली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का बड़ा मामला सामने आया है। यहां रोड शो के दौरान एक युवक उत्साही युवक ने भीड़ में घुसकर प्रधानमंत्री को माला पहनाने की कोशिश की, तो सुरक्षा अधिकारियों में खलबली मच गई। यह देख सुरक्षा में तैनात एसपीडी कमांडो युवक की ओर तेजी से बढ़े और उसे पीएम के पास पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया और पीछे की ओर धकेल दिया। पीएम मोदी, राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के गुरुवार को हुबली पहुंचे थे। उन्होंने समारोह से पहले रोड शो में भाग लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने रास्ते में कतार लगाकर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह वाक्या तब हुआ, जब पीएम मोदी गाड़ी के बाहर निकलकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। युवक को शेष पृष्ठ 11 पर

# बुढ़मू : मुठभेड़ में उग्रवादी घायल, की जा रही तलाश

**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू/रांची**

जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के चैनगढ़ा के लुकैया जंगल में पुलिस और टीपीसी नक्सलियों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हो गई। हालांकि, सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली हथियार छोड़ कर फरार हो गये। मुठभेड़ में दो-तीन नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। जिन्हें साथ लेकर उनके साथी भागने में सफल रहे। फिलहाल सर्च अभियान जारी है। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोली, बैग, कपड़े और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है। बताया जा रहा है की बुढ़मू, ठाकुरगांव पुलिस को कुछ हथियार लेकर लोग दिखे, जिसके बाद उन्हें सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन पुलिस को देखते फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जानकारी के मुताबिक जिन तीन उग्रवादियों को गोली लगी है उन्हें 4-5 किलोमीटर रेडियस पर सर्च किया जा रहा है। आसपास के अस्पताल में अलर्ट जारी कर दिया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आस-पास के इलाके में ही घायल नक्सली छिपे हैं। खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। टीम में झारखंड जगुआर, एसएसपी का स्पेशल दस्ता के साथ बुढ़मू, ठाकुरगांव और पिठोरिया थाना की पुलिस शामिल थी।

# स्कार्पियो व बाइक की भिड़ंत में तीन की मौत तीन रिम्स रेफर, दस घायल अस्पताल में भर्ती

### आंजन धाम धार्मिक कार्यक्रम से शामिल होकर लौट रहे थे सभी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडारा मोड़ में गुरुवार देर शाम हुई स्कॉर्पियो नंबर जेएच 08 ई 6576 व तेज रफ्तार बाइक में सीधी भिड़ंत में तीन व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल तीन व्यक्तियों को तत्काल रिम्स रेफर किया गया है। सदर अस्पताल में घायल दस मरीजों का इलाज किया जा रहा है। हादसे में घाघरा थाना क्षेत्र के हापामुनी गांव निवासी सुदेश पाठक का 30 वर्षीय पुत्र अभिषेक पाठक, गम्हरिया निवासी 25 वर्षीय बीरबल महली व एक अन्य युवक की मौत मौके पर हो गई। सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने बताया कि घटना के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में राजकुमारी देवी 70 वर्ष, मालती देवी 60 वर्ष, दिनेश पांडे 40 वर्ष की नाजुक स्थिति देखते हुए तत्काल उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में भोला उरांव, लक्ष्मी देवी, प्रियंका देवी, सुनैना देवी, समेत अन्य घायलों का भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार 12 जनवरी को गुमला टोटो स्थित प्रख्यात आंजन धाम में विशेष धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर सभी लौट रहे थे। इस दौरान सड़क हादसा हो गयी।

## पर्व — पलामू में बेसब्री से शुभ कार्य शुरू करने का इतंजार

# 15 को मनेगी मकर संक्रांति, खत्म होगा खरमास

### सूर्य 14 जनवरी की रात 2.53 बजे करेंगे मकर राशि मे गोचर

**अमर नाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** मकर संक्रांति जप, तप, दान, स्नान, श्राद्ध, तर्पण का पर्व है। पलामू में 15 जनवरी को चित्रा नक्षत्र में मकर संक्रांति का पर्व मनाया जायेगा। इस दिन दान-पुण्य करने से उसका सौ गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। माघ कृष्ण अष्टमी को सूर्यदेव का मकर राशि में गोचर होगा। मकर संक्रांति पर गंगा स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। इसी दिन से सूर्य दक्षिणायण से उत्तरायण हो जायेंगे और खरमास समाप्त हो जायेगा। शास्त्रों में उत्तरायण की अवधि को देवताओं का दिन और दक्षिणायन को देवताओं की रात के तौर पर माना जाता है। इस दिन गंगा स्नान, दान, तप, जप, आदि का अत्यधिक महत्व है।



**जयद् योग में मकर संक्रांति शुभ :** पुरोहित आनंद पाठक ने बताया कि सूर्य का मकर राशि में गोचर 14 जनवरी की रात 2:53 बजे होने से इसका पुण्यकाल 15 जनवरी को होगा। इसी लिए मकर संक्रांति का पर्व 15 को मनाया जायेगा। इस दिन पूरे दिन पर्व का मान व पुण्यकाल रहेगा। 15 जनवरी को चित्रा नक्षत्र के साथ सुकर्मा व धृति योग के सुयोग के अलावा जयद् योग भी विद्यमान रहेगा। इस दिन गंगा स्नान, तीर्थ स्नान, ऊनी वस्त्र, तिल, कंबल, जूता, धार्मिक,पुस्तक, अन्न, स्वर्ण आदि का दान करना विशेष पुण्यफल कारक होता है। सूर्य के उत्तरायण होने से मनुष्य की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

**तिल दान से बरसती है सूर्य व शनि की कृपा :** सूर्य शनिदेव के पिता हैं। सूर्य और शनि दोनों ही ग्रह पराक्रमी हैं। ऐसे में जब सूर्यदेव मकर राशि में आते हैं, तो शनि की प्रिय वस्तुओं के वस्तुओं के दान का विशेष महत्व है। सूर्य मकर से मिथुन राशि तक उत्तरायण में और कर्क से धनु राशि तक दक्षिणायण रहते हैं। भीष्म ने भी अपने प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा की थी।

**गंगा स्नान से पंच अमृत तत्व की प्राप्ति :** मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान करने से एक हजार अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है। मकर संक्रांति के दिन ही महर्षि प्रवहण को प्रयाग के तट पर गंगा स्नान से सूर्य हुई थी। ये तत्व हैं अन्नमय कोष की भगवान से पांच अमृत तत्वों की प्राप्ति वृद्धि प्राण तत्व की वृद्धि, मनोमय तत्व यानी इंद्रीय को वश में करने की शक्ति में वृद्धि, अमृत रस की वृद्धि यानी पुरुषार्थ की वृद्धि, विज्ञानमय कोष की वृद्धि यानी तेजस्विता और भगवत प्राप्ति का आनंद।

### मकर राशि में पांच ग्रहों की उपस्थिति

मकर संक्रांति के दिन मकर राशि में एक साथ पांच ग्रह विराजमान रहेंगे। मकर संक्रांति में तिल और खिचड़ी की महत्ता मकर राशि के स्वामी शनि और सूर्य के विरोधी राहू होने के कारण दोनों के विपरीत फल के निवारण के लिए तिल का खास प्रयोग किया जाता है। उत्तरायण में सूर्य की रोशनी में और प्रखरता आ जाती है। तिल से शारीरिक, मानसिक और धार्मिक उपलब्धियां हासिल होती हैं। तिल के दान और खिचड़ी खाने से बैकुंठपद की प्राप्ति होती है। ठंड के बाद गर्म होने से चर्म रोग होने की आशंका से तिल का सेवन किया जाता है। तिल तैलीय होने के कारण शरीर को निरोग रखता है।

# वृद्ध मां की पिटाई कर जान लेने के आरोप में बैंक मैनेजर पत्नी सहित गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमशेदपुर के पास आदित्यपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने वृद्ध मां की पिटाई कर जान लेने के आरोप में केनरा बैंक के अफसर प्रीतम कुमार और उनकी पत्नी रेणु देवी को गिरफ्तार किया है। मृतका की पुत्री के बयान पर इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसमें उन्होंने शिकायत की है कि प्रीतम कुमार ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर बुरी तरह पीटा। वह बुरी तरह घायल हो गई थीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की, लेकिन वे घर पर नहीं मिले। पुलिस के अनुसार दोनों फरार होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें जमशेदपुर में टाटा मेन हॉस्पिटल के पास गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतका कमला देवी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी उन्हें गंभीर चोट लगने की पुष्टि हुई है। मृतका की पुत्री सविता देवी पटना में रहती हैं। उन्हें तीन दिन पहले जानकारी मिली कि मां को उसके भाई और भाभी ने सालडीह बस्ती के एक मकान में अकेले छोड़ दिया है। वह पटना से आईं तो उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से मां को रेस्क्यू कराया। लगातार प्रताड़ना के कारण वह न तो चल पा रही थीं और ठीक से बोल पा रही थीं। उनके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। उन्होंने उसी दिन थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके साथ ही उन्होंने मां को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया, जहां उनकी मौत हो गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### नावा जयपुर से एक वारंटी गिरफ्तार

**पाटन।** नावाजयपुर थाना की पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस संबंध में नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार टीम गठित कर गहन छापेमारी की गई। जिसमें कांड संख्या 33/22 धारा 366अ के अभियुक्त संतोष कुमार यादव पिता स्व0 राजदेव यादव ग्राम हन्हे छतरपुर को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस अभियान में थाना प्रभारी संजय रजक,एसआई विजय कुमार के आलावा अन्य सशस्त्र बल शामिल रहे।

### स्वामी विवेकानंद के आर्दशों को अपनायें : सत्येंद्र

**हरिहरगंज।** शहर से सटे महाराजगंज स्थित ल्यूमिनस मेंटर्स एकेडमी में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनायी गयी। विद्यालय के निदेशक डॉ. सत्येंद्र शर्मा ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा की। मौके पर निदेशक डॉ. सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आर्दशों को अपनायें। अच्छे कार्य की शुरूआत को अंजाम तक पहुंचाने के लिए हमें स्वामी विवेकानंद के उस विचार से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं विद्यालय के बच्चों ने भी स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर शिक्षक नारायण शर्मा, सुमन परमार, विश्वजीत सिंह, जनार्दन यादव, जयंत यादव, रवि प्रकाश , विशाल कुमार, विश्वजीत सिंह, आराधना पांडेय, चंद्रमणि मिश्रा, नीरज पांडेय, राखी दुबे, प्रीति कुमारी, अभिषेक कुमार, हरेंद्र शर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एनएसएस ने मनाया राष्ट्रीय युवा महोत्सव

**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों, विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने निर्धारित विषय 'स्वामी विवेकानन्द : व्यक्तित्व एवं विचार' पर अपना-अपना व्याख्यान दिया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह तथा संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन स्वरूप अपने विचारों से सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज विवेकानन्द के विचारों का अनुपालन आवश्यक हो गया है। हमें उनके विचारों को, उनके साहित्य को पढ़ना चाहिए और स्वयं में विकासात्मक परिवर्तन लाना चाहिए। इस अवसर पर प्रो डॉ. आलोक रंजन कुमार ने विवेकानन्द की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित लम्बी कविता विवेकानन्द का पाठ किया। प्रो. डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में विवेकानन्द के विचारों के माध्यम से उत्साहित किया।

#### नूतन छात्रों का अभिनंदन व महर्षि चरक शपथ समारोह का आयोजन

# लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के नये सत्र की शुरुआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एमबीबीएस के नये शैक्षणिक सत्र् 2022-27 का गरूवार को औपचारिक रूप से शुरू हो गया। इस अवसर पर नूतन वर्ष के छात्र-छात्रओं को मंगल टीका लगाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही सभी छात्र छात्रओं को महर्षि चरक का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मैं गरीबी में पला बढा हूं। गरीबो का दर्द खुद समझता हूं। पैसे के अभाव में गरीब के बेटे डॉक्टर नही बन पाते थे। गरीबों के दर्द को दूर करने के लिए ही मैन मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प लिया था। आज सभी के सहयोग से मेरा संकल्प पुरा हुआ। गरीब के बेटों को डॉक्टर बनाने का मेरा सपना अब मूर्त रूप ले चुका है। गरीब के लड़के डॉक्टर बनकर लोगों को स्वास्थ्य सेवा देंगे। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, डॉ मकबूल अंसारी, डॉ ओपी भारती, डॉ अजय कुमार, डॉ नित्यानंद कुमार, डॉ आर के श्रीवास्तव, गौरव कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

**मनातू।** प्रखंड के रंगिया पंचायत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसूरिया मे गुरुवार को 20 सूत्री उपाध्यक्ष सीना यादव के उपस्थिति में स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। सीना यादव ने कहा कि झारखंड सरकार बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर फायदा उठाएं और बेहतर से बेहतर शिक्षा ग्रहण करने की रास्ता बतायें। समिति सदस्य सुषमा देवी ने बेहतर शिक्षा देने की बात कही। वहीं प्रधानाध्यापक सह सचिव चित्र लेखन यादव ने बताया कि मेरे स्कूल में जो भी सरकार का दिशा निर्देश और बच्चों के बीच में वितरण करने का सामान आता है।

### कोहरे के कारण वाराणसी ट्रेन का परिचालन बन्द

**मोहम्मदगंज।** कोहरे का कारण बताकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से रेलखंड पर परिचालित बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन 12 जनवरी से 28 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है। मकर संक्रांति के पवित्र मौके पर गंगा स्नान पर वाराणसी जाने के लिए सीधी सेवा के इस पैसेंजर ट्रेन का परिचालन रद्द किया जाना सही नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सत्यनारायण सिंह ने भी इस ट्रेन के परिचालन को इस मौके पर रद्द किये जाने पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर इस ट्रेन का परिचालन रद्द किया जाना इस क्षेत्र के लोगों की धार्मिक भावनाओं पर गहरी चोट है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस आदेश को वापस लेने की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि दो साल बाद कोरोना से थोड़ी राहत का वातावरण मकरसंक्रांति के पवित्र मौके पर बना है। इस मौके पर गंगा स्नान का विशेष धार्मिक महत्व है। बावजूद इसके इस ट्रेन का परिचालन रद्द किया जाना सही दिशा में नहीं माना जा सकता है।

### छह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की प्राथमिक दर्ज

**हरिहरगंज ।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा हरिहरगंज में अलग-अलग स्थानों पर बुधवार को छापेमारी की गयी। जिसमें अवैध बिजली चोरी करते पकड़े गए छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हरिहरगंज थाना में किया गया। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा हरिहरगंज के विद्युत कनीय अभियंता कुलदीप यादव, प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह, कुशल श्रमिक सुरेश महतो, मानव दिवस कर्मी अनिल कुमार, परवली राम छापेमारी अभियान मे मुख्य रूप से शामिल थे। नामजद अभियुक्तों द्वारा नजदीकी एलटी लाइन से टोका लगाकर अवैध रूप से घर में लगे हुए मीटर को बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान पकड़े गए छह लोगों के खिलाफ हरिहरगंज थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। जिनपर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उनमें कटैया पंचायत के लंगूराही गांव निवासी कमलेश कुमार यादव, बेलोदर गांव निवासी मो. आरिफ अंसारी, बंजारी मोहल्ला निवासी मो. शौकत अली, मो. कैमूल अंसारी, सियरभुका गांव निवासी मो. इस्लाम अंसारी, हरिहरगंज शहर निवासी गंगा प्रसाद गुप्ता का नाम शामिल हैं। जेई कुलदीप यादव ने गुरुवार को बताया कि उक्त लोगों के द्वारा बिजली मीटर का बाईपास कर तथा घरेलू कनेक्शन कराकर कमर्शियल विद्युत चोरी करते पकड़ा गया हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन विद्युत उपभोक्ता का बिजली बिल 5 हजार रूपए से ज्यादा हो गया है। वे जल्द ही बिजली बिल जमा कर दें। अन्यथा उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा।

### कटैया पंचायत में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनी

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत कुरहत गांव में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष बब्लू कुमार सिंह ने किया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, ललन भुईयां, भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, ललन भुईयां आदि शामिल हुये। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की विचारधारा आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। स्वामी के दर्शन का मुख्य आधार करूणाभाव है। स्वामी विवेकानंद का आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा करने और युवाओं को सशक्त बनाने से देश शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है। इससे देश की वैश्विक साख भी बढ़ती है। इस अवसर पर समिति के सचिव नवीन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अजय सिंह, संजय कुमार सिंह, राकेश पासवान, डॉ नरेंद्र प्रियदर्शी, डॉ. राजनारायण सिंह, शंकर सिंह, अखिलेश प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थें।

### स्वर्णकार संघ ने मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

**विश्रामपुर।** नव वर्ष के मौके पर विश्रामपुर स्वर्णकार संघ ने गुरूवार को रजगुरूवा पहाड़ की तलहटी में मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संत नरहरी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बिगन प्रसाद सोनी व संचालन शिव सोनी ने किया। संघ के अध्यक्ष बिगन प्रसाद सोनी ने कहा कि एक जुट होकर समाज मे फैली कुरीतियों को दूर किया जायेगा। अवधेश सोनी ने कहा कि स्वर्णकार समाज को राजनीतिक के क्षेत्र में समुचित हिस्सेदारी के लिये संघर्ष करने की जरूरत है। स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का भी संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## विधायक ने कब्रिस्तान के चहारदीवारी का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के करमा गांव में बुधवार को विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता ने कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मेहता ने कहा कि हमने जितने भी जनता से वादे किये थे धीरे-धीरे सभी कार्य को पूरा कर रहा हूं। पांकी विधानसभा मे विकास को देखकर विपक्षी घबरा गये हैं। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है। शिलान्यास के पश्चात विधायक अपने कार्यकर्ता महेश कुमार यादव, जो करीब डेढ़ माह से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका हालचाल पूछने उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी चीज की भी दिक्कत हो हमें बतायें। हर संभव मदद के लिए हाजिर रहूंगा। मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो ,राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, चंचल यादव, जुम्मन मियां मौजुद थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी,15 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

### 6.75 लाख रुपए का लगा बकाया व जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने गुरुवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 15 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले सभी 15 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें सभी पकड़े गये। लोगों पर करीब 6 लाख 75 हजार रुपये का बकाया और जुर्माना भी साथ में लगाया गया है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी भी शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बिजली का वैद्य कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, मो उबैद, कमलेश कुमार सिंह आदि कर्मी शामिल थे।

## डीलर की मनमामी के विरुद्ध प्रखंड कार्यालय का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड 11 डिहरिया के डीलर आस्था सिन्हा के मनमानी के विरुद्ध समाजिक कार्यकर्ता मो.सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी गुरूवार को लाभुक कार्डधारियों के साथ प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। साथ ही एकदिवसीय धरना भी दिया। मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी ने कहा कि नप के वार्ड 11 डिहरिया जन वितरण प्रणाली दुकान के डीलर आस्था सिन्हा द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। उनके द्वारा लाभुक कार्ड धरियो का ठेपा लगवाकर भी खाद्यान का वितरण नही किया जा रहा है। राशन लेने जा रहे लाभुको के साथ हर रोज नोक-झोंक होते रहता है। जिसको लेकर उच्चाधिकारी को आवेदन भी दिया जा चुका है। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। इसी को लेकर आज लाभुक कार्ड धारियों के साथ विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया है। साथ ही सभी लोग धरना पर बैठे है। धरना समाप्ति के बार पेंटर जिलानी के साथ कार्डधारियों ने बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम को मांग पत्र सौंपा। प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने लाभुको को आश्वस्त करते हुये कहा कि जल्द ही राशन का वितरण कराया जायेगा। साथ डीलर पर कार्रवाई भी की जायेगी। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे स्कूली बच्चों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पांकी।** प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद एवं पांकी पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रेम प्रसाद ने गुरुवार की सुबह पांकी प्रखंड के जरही चौक स्थित कमला एजुकेशन एंड रामकृष्ण मिशन स्कूल से शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजगीर जा रहे दर्जनों स्कूली बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगों के संबोधन में प्रखंड प्रमुख ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ शैक्षणिक भ्रमण भी अति आवश्यक है। शैक्षणिक भ्रमण से स्कूली बच्चों को नई नई चीजें एवं नई जगह देखने का अवसर मिलता है । मौके पर पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजन कुमार, विनोद गुप्ता, हिरेश कुमार, अरविन्द गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मजदूरी करने गये युवक की मुंबई में मौत, घर में मातम छाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** प्रखंड क्षेत्र के बिशुनपुर गांव निवासी 45 वर्षीय गणेश सिंह की मुंबई के कोपरखैरने में मौत हो गयी। वह कोपरखैरने स्थित एक कंपनी में मजदूरी करता था। उसकी मौत की सूचना मिलते ही वृद्ध माता-पिता के साथ मृतक की पत्नी सरीता देवी, नाबालिग पुत्र प्रिंस कुमार व प्रभात कुमार का रो-रो कर बुरा हाल है। वह अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। परिजनों के अनुसार कंपनी में कार्य करने के दौरान अचानक उसके पेट में दर्द उत्पन्न हुआ। जिसके बाद काम कर रहे सहयोगियों ने उसे नजदीक के म्यूनिसिपैलिटी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गयी। मृतक के पुत्रों ने उक्त कंपनी से अपने पिता के शव को घर भेजने तथा मुआवजे की मांग की है। उधर गणेश सिंह के असामयिक मौत की सूचना पर पूरे गांव में मातम छाया है। वहीं प्रसिद्ध सिंह, अशोक सिंह, जनार्दन सिंह, अरविंद सिंह, विकास, विजेंद्र सिंह, सरोज ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर सहित कई लोगों ने मृतक के घर जाकर शोक व्यक्त करते हुए सांत्वना दी है।

## युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे स्वामी विवेकानंद : कर्नल संजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सह संरक्षक किसान ब्रिगेड कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह के आवास पर गुरूवार को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। मौके पर कर्नल संजय सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। युवाओं को सम्बोधित करते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को एक महान विचारक और धार्मिक नेता के रूप में जाना जाता है। स्वामी के विचार आज भी पूरे विश्व के युवाओं के बीच प्रेरणा और ऊर्जा भरने का कार्य करते हैं। वे कहा करते थे कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उनके कई ऐसे विचार युवाओं को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते हैं। आज युवाओं के सामने विभिन्न प्रकार के समस्याएं हैं। आज के युवा मोबाइल पर अपना बहुमूल्य समय व्यर्थ कर रहे हैं। युवाओं को अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना होगा। हुसैनाबाद को युवा शक्ति की जरूरत है, यहां जो भी समस्या है उसका हल निकाला जा सकता है। यदि युवा अपने अंदर की शक्तियों को पहचान लें। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा के युवाओं का साथ रहा तो भविष्य में यहां शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, सड़क की समस्याओं से निजात दिलाने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम के अंत में ग्यारह सदस्यीय कर्नल युथ ब्रिगेड टिम का गठन किया गया। इस अवसर पर बनियाडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजाराम पासवान, कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के मुखिया पति प्रशांत कुमार सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर,डबल सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य धीरेंद्र कुमार बैठा, अजय गुप्ता, अमित सिंह, पंकज यादव, धर्मेंद्र राम, प्रमोद चौधरी, महेश पासवान के अलावा काफी संख्या में युवा मौजूद थे।

**Office Of The Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division Latehar**

**शुद्धि– पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का ई0– प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/SVS/06/22-23(1st Call) दि0– 10.01.23 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR 287181 Drinking Water and Sanitation(22-23)_D द्वारा प्रकाशित है।

जिसें निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

**प्रकाशित सूचना**

| Sl N | Name of Group | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost Of BOQ |
|---|---|---|---|---|
| 01 | SVS Chatuag | 4910747.00 | 99000.00 | 2500.00 |
| 02 | SVS Kasidih | 1173010.00 | 24000.00 | 5000.00 |

**संशोधित सूचना**

| Sl N | Name of Group | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost Of BOQ |
|---|---|---|---|---|
| 01 | SVS Chatuag | 4910747.00 | 99000.00 | 5000.00 |
| 02 | SVS Kasidih | 1173010.00 | 24000.00 | 2500.00 |

निविदा सूचना की सभी शेष शर्ते यथावत रहेगी।

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar

PR 287350 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

## श्री ग्राम देवी की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू, 15 से शतचंडी महायज्ञ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के दीवान बिगहा गांव स्थित नवनिर्मित मंदिर भवन में 18 जनवरी को श्री ग्राम देवी मां के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करायी जायेगी। इसे लेकर 15 जनवरी से शतचंडी महायज्ञ कराने की भी तैयारी गठित समिति ने शुरू कर दी है। समिति में प्रदुमन सिंह अध्यक्ष, बालकेश सिंह उपाध्यक्ष, जनेश्वर सिंह, सचिव, यमुना सिंह कोषाध्यक्ष के अलावे कार्यकारणी सदस्यों में अवध बिहारी सिंह, राजेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, नीतिश कुमार सिंह, शैलेश सिंह व संतोष सिंह को मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री ग्राम देवी की प्रतिमा लक्ष्मी प्रपन्ना स्वामी महाराज की देखरेख में होगी। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को जलयात्रा से शुरू यज्ञ 21 जनवरी को भंडारा व संतों की विदाई के साथ होगा। इस दौरान श्रीमद् भागवत पुराण कथा वाचक द्वारिका से पधारे चतुर्भुज स्वामी जी महाराज व बद्रीनाथ से पधारें वनमाली स्वामी जी महाराज का प्रवचन व कथा का श्रवण श्रद्धालुओं को करायेंगे।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अति अल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-18/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर– पिताम्बरपुर अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास/ पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्गत कर्मचारी/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य का निर्माण। | 60599400.00 | 1212000.00 | 10000.00 | 12 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 24.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Affidavit एवं Bank Certificate for Credit Facility जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.01.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
6. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9304798195 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू के पदनाम से देय हो देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अ़द्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 287357 Rural Work Department (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 11/2022–23**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.01.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 20.01.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.01.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2.पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1.कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

8 कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of D.C. Chamber, Common Toilet, Conference Hall, Court Room and O.S.D. Chamber in the Campus of Samaharnalya Building , Latehar | 2477760/- | 50000/- | 5000/- | 45 (Forty five) Days |
| 2 | S/R of D.C. Residence Cum Gopniya Office in Latehar | 2431496/- | 50000/- | 5000/- | 45 (Forty five) Days |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR 287348 (Building) 22-23 (D)

## डीसी ने जिला आधार निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक की

# आधार पंजीकरण में तीव्रता लाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला आधार निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिला परियोजना पदाधिकारी को शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण में तीव्रता लाने हेतु निर्देशित किया और 10 वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता एवं पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी ऑनलाइन या आधार केंद्रों के माध्यम से अपलोड करने का निर्देश सबंधित विभाग को दिया।




**उपायुक्त ने आधार को मोबाइल नंबर से लिंक कराने पर दिया जोर** :साथ ही उन्होंने पंचायतवार आधार अपडेट करने हेतु शिविर का आयोजन करने और इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी आधार ऑपरेटर आम जनों का आधार केंद्र में बच्चों का नया आधार पंजीकरण एवं आधार से मोबाइल नंबर अपडेट करने का कार्य करें। आधार कार्ड या पंजीकरण रसीद खो जाने की समस्या के समाधान हेतु जिला स्तर पर एक एडवांस सर्च आईडी उपलब्ध कराने के लिए विभाग से पत्राचार करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया।

### बंद पड़े आधार केंद्रों को पुनः चालू किया जायेगा

बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, बैंक और पोस्ट ऑफिस जैसे कार्यालयों में बंद पड़े आधार केंद्रों को पुनः चालू करने का निर्देश सबंधित विभाग को दिया। साथ ही जिला आधार निगरानी समिति को आधार से जुड़ी फ्रॉड साइलेंट गतिविधियों की निगरानी करने और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी कार्यों में आधार का उपयोग करने पर जोर दिया।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, कार्यपालक दंडाधिकारी सहसंयोजक, सिविल सर्जन पलामू, जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पलामू, अग्रणी बैंक प्रबंधक पलामू, डाक अधीक्षक प्रधान डाकघर मेदिनीनगर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक प्रबंधक पलामू, प्रोजेक्ट सहायक प्रबंधक यूआईडी क्षेत्रीय कार्यालय रांची, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी पलामू, सीएससी प्रबंधक,पलामू समेत अन्य उपस्थित थे।

# मोर्चा ने विवेकानंद की 160वीं जयंती मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में स्वामी विवेकानन्द की 160 वीं जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानन्द के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत कि गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द महान संत ही नहीं बल्कि महान देश भक्त युगद्रष्टा विचारक वक्ता लेखक के साथ ही साथ भारतीय स्वतंत्रा संग्राम के प्रेरणा स्त्रोत भी रहे हैं। जिनका जन्म 12 जनवरी 1863 ई0 में हुआ था। स्वामी विवेकानन्द युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है। समाज के नवनिर्माण में युवकों की भूमिका महत्व पूर्ण है। युवा देश के भविष्य निमार्ता है। युवा अपनी शक्ति को सकारात्मक एवं रचनात्मा कार्यों में खर्च करें। वे जिधर भी जाये एक नई लकीर खिचें । उन्होंने युवा से स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपना ने कि अपील की। मौके पर शिव नरायण साव ने स्वामी विवेकानन्द की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये आज के युवकों को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपना ने की अपील की। इस अवसर पर श्याम पाठक, नन्हक सिंह, प्रदुमण तिवारी, अरविन्द कुमार, घनश्याम पासवान, राकेश कुमार, यश्वंत कुमार, अंशु कुमार, कुन्दन कुमार, नागेन्द्र राम, प्रभात कुमार, अनुज कुमार, रामनरेश महतो, प्रदीप राम ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## NEWS इन ब्रीफ

### वार्ड की समस्याओं से मेयर को कराया अवगत

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के मेयर अरूणा शंकर को वार्ड न0 23 के वार्ड आयुक्त उम्मीदवार कोमल कुमार अंकू के माध्यम से जनता ने जन समस्याओं से अवगत कराया । मेयर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओ का निदान होगा। दिए गए आवेदन मे कृष्णा अग्रवाल , आलोक अग्रवाल,प्रभात कुमार, ओम कुमार, सतीश कुमार, केन्द्रीय सचिव आजसू पार्टी के संजीत राम , कुंदन गुप्ता ,राज कुमार , प्रीती कश्यप ,आनन्द पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग ने मांगपत्र में हस्ताक्षर किया है। स्व0 उमेश चन्द्र प्रसाद के घर तक व हरिकृष्ण प्रसाद के घर से साहू निवास तक एवं राज कुमार के घर से प्रमोद बिहारी शुक्ला के घर तक नाली का निर्माण की मांग की गई है।

### भाजपा नेता सीएस ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सीएस दुबे ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में लगभग प्रतिदिन आवारा पशुओं का शिकार महिलाओं एवं पुरूषों को होना पड़ रहा है। लोक लाज एवं अन्य समस्याओं के कारण आम लोग पशुओं से चोटिल (घायल) होने के बावजूद प्रशासन तक अपनी आवाज खुद नहीं पहूंचा पा रहे हैं। अनेको बार तो आवारा पशुओं की आपसी लड़ाई अचानक होने के कारण दोपहिया वाहन चालक भी दुर्घटनाग्रस्त होते देखे जाते हैं। रात्रीकालिन विभिन्न मार्गों पर कुता के द्वारा दौड़ाने व काटे जाने के कारण बेवजह आम लोगों को काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे मेदिनीनगर शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज से भी देखी जा सकती है। उन्होंने नगर आयुक्त से सरकारी नियमों के तहत आम लोगों को होने वाली इस कठिनाइयों को दूर करने का अविलंब आग्रह किया है। ज्ञातव्य है कि गौ प्रजाति (लावारिश ) के लिए गौशाला शहर में ही अवस्थित है।

### छत से गिरकर 8 वर्षीय बच्ची घायल

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव निवासी चंदन पासवान की 8 वर्षीय पुत्री गुंजन कुमारी गुरुवार की सुबह अचानक दुसरे घर के छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि गुंजन पड़ोस के छत पर खेल रही थी। तभी वह अचानक छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया । जहां ईलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताते चलें कि घायल गुंजन के पिता चंदन पासवान दिव्यांग व्यक्ति है । दिव्यांग होने के साथ-साथ कामकाज करने में भी वह असमर्थ है। अस्पताल में परिजन जब गुंजन को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे तो परिजन काफी रो रहे थे। तभी एक पत्रकार की नजर उन पर पड़ा। उन्हें रोता देख पत्रकार ने उनका सहयोग किया और एक्सरे सहित बच्ची के इलाज के लिए परिजनों को सहयोग राशि दी। परिजन पैसा नहीं ले रहे थे परंतु कुछ लोगों के कहने पर वह पैसा लिए और अपने बच्ची का इलाज कराया।

### झाजमो ने मनाया युवा दिवस

**मेदिनीनगर।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा ज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने हरिहरगंज कटिया ग्राम में स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कुरहद के ग्रामीणों के साथ धूमधाम से जयंती मनाई। मौके पर उन्होंने कहा कि विवेकानंद की जयंती उनके क्रियाकलापों धर्म के ज्ञान उनके नीति विचार संस्करण पर आधारित और संदेश को आज हर घर घर में बच्चें बड़े महिलाओं क सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार एल. के.वर्मा ने कहा कि पूरे देश में स्वामी विवेकानंद का जयंती मनाई जा रही है। राज्य महासचिव कृष्णा चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला और महिला जिला अध्यक्ष रंभा देवी ने महिलाओं को अपने बच्चों को मार्ग पर चलाने की कसम दिलाई ।मौके पर संजय कुमार सिन्हा,वकील सिंह ,राजेंद्र मेहता ,लालबाबू अमित सिंह, जिला परिषद राजेश राम, मनीष कुमार सिंह अमित कुमार सिंह ,सलीम अंसारी, अरुण उंराव,सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पलामू में मना युवा दिवस, विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा पूरे पलामू जिले में जिला संयोजक अभय वर्मा के नेतृत्व में धूमधाम से युवा दिवस मनाया गया । शाहपुर स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही, सिंचाई विभाग स्थित धीरज क्लासेज में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में भी विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही टीओपी टू के प्रभारी रूद्रानंद सरस को कड़ाके की ठंड में चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करना साथ ही लागातार हो रहे अपराधों पर लगाम कसने तथा सामान्य जनों के निरंतर सहयोग हेतू अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर परिषद एवं सावित्रीबाई फुले एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क कंप्यूटर क्लास का उद्घाटन किया गया। पलामू जिले के 12 प्रखंडों में परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित परिषद के विनीत पांडे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से युवा को सीख लेने की आवश्यकता है। तभी हम भारत को विश्व गुरु बना सकते है। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि विवेकानंद के विचारों को हमें अपने अंदर समाहित करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे ने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता नित्य निरंतर स्वामी विवेकानंद के विचारों को घर घर तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद मेहता,विवेक तिवारी,नगर सह मंत्री अभिषेक रवि, नीतीश दुबे ,सुमित पाठक,रोहित दुबे, रोहित गुप्ता,प्रकाश पांडे अवधेश कुमार ,उज्जवल तिवारी ,रंजीत कुमार, संजीत कुमार ,सविता कुमारी ,नीरज कुमार, प्रिया बोदरा ,कविता कुमारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# राधिका नेत्रालय में मोतियाबिंद के 67 मरीजों का सफल ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के कचहरी रोड स्थित चिरौंजिया में स्थित राधिका नेत्रालय में 67 मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि डीवीसीएस गढ़वा एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क मोतियाविंद शिविर में राधिका नेत्रालय के द्वारा पिछले छह माह से निरंतर मोतियाविंद के मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार की रात्रि 67 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। अस्पताल के संचालक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील कुमार ने बताया कि विगत 6 माह से राधिका नेत्रालय में मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि अब तक लगाए गए शिविर में 1500 मोतियाबिंद के मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है ,जो गढ़वा जिले के लिए ऐतिहासिक है । उन्होंने कहा कि नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के लिये प्रतिदिन अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक जांच किया जाता है। जबकि ऑपरेशन प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को किया जाता है।



**सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है : डॉ सुशील**

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुशील कुमार ने कहा कि राधा लक्ष्मी ट्रस्ट एवं राधिका नेत्रालय का उद्देश्य लोगों की सेवा करना है । इसी उद्देश्य को लेकर राधिका नेत्रालय के द्वारा लगातार गरीब मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद से पीड़ित वैसे गरीब मरीज जो बाहर जाकर इलाज कराने में सक्षम नहीं थे । उन्हें यहां पर निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराकर उनका ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है।

### आंखों की रोशनी लौटना सबसे बड़ा पुनीत कार्य : पायल

राधिका नेत्रालय की प्रबंधक पायल गुप्ता ने बताया कि आंखों की रोशनी लौटाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है और अस्पताल के द्वारा अब तक 15 सौ से अधिक मोतियाबिंद मरीजों के आंखों की रोशनी लौटाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लगाए जाने वाले शिविर में कुशल नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। ऑपरेशन पूरी तरह से निःशुल्क होता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कई ऐसे मरीजों का ऑपरेशन किया गया है जो बचपन से ही देख नहीं पा रहे थे। लेकिन अब वह इस दुनिया को देख सकते हैं। यह गढ़वा जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## NEWS इन ब्रीफ

### आपसी विवाद में मारपीट, सात घायल

**कांडी (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के लमारी गांव मे आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के 7 लोग घायल हो गये। घायलों में एक पक्ष के बब्बन रजवार उसकी पत्नी राजमनिया देवी उसके पुत्र उपेंद्र रजवार ,सरोजा कुमारी ,रमाकांत रजवार एवं दूसरे पक्ष के मल्लू रजवार उसकी पत्नी मोतिया देवी के नाम शामिल हैं । सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों पक्षों में आपसी पुरानी विवाद को लेकर आपस में विवाद हुआ था । इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटित हो गई । घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** जिले के धुरकी गांव निवासी स्वर्गीय बालेश्वर कोरबा का पुत्र रमेश कोरबा मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है । घटना के संबंध में रमेश पुरवा ने बताया कि वह अपने घर से सरईदहा गांव मोटरसाइकिल से गया हुआ था । इसी दौरान वापस लौटने के क्रम में रुड़की गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया।

### एक किवंटल जावा महुआ बरामद, किया गया नष्ट

**केतार (गढ़वा)।** केतार पुलिस ने अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए गुरुवार को केतरी गांव में छापेमारी अभियान चलाकर एक किवंटल जावा महुआ व शराब बनाने की उपकरण बरामद किया जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब कारोबार में संलिप्त लोग भागने में सफल रहे। वहीं पुलिस ने शराब भट्टी और अरहर के खेत में छुपा कर रखे जावा महुआ और वर्तन सहित अन्य समाग्री बरामद को नष्ट कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की केतरी गांव में अवैध महुआ शराब भट्टी संचालित हो रहा है। जिसका सत्यापन के लिए टीम गठित कर छापेमारी किया गया। जहां भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण और एक क्विंटल जवा महुआ बरामद किया गया। उक्त छापेमारी अभियान में पीएसआई संजय हेंब्रम, कृष्णा उरांव,एसआई उस्मान शेख सहित पुलिस बल शामिल थे।

### प्राचार्य रोहिणिकांत को पितृ शोक

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखंड के प्लस-टू हाई स्कूल के प्राचार्य रोहिणिकांत देव पांडेय के पिता कृष्ण किशोर देव की गुरुवार पैतृक गांव यूपी के भवानीनगर में अंतिम सांस लिये। उनके आकस्मिक निधन पर स्कूल में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य घनश्याम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। शोकसभा में स्कूल शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा में रोहिणिकांत देव पांडेय, घनश्याम गुप्ता, डॉ आनंद कुमार, राकेश कुमार वर्मा, अंकित त्रिवेदी, पारसनाथ पाठक, चंद्रकांत पांडेय सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखंड के छहमईलवा के समीप बाइक और टेम्पो के बीच हुई टक्कर में बाईक सवार पिता-पुत्र मकरी के बरवाबांध निवासी लालो बैठा और पुत्र विनय बैठा घायल हो गये। घायलावस्था में टेपों चालक ने स्थानीय लोगों की मदद से लाकर भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास के द्वारा ईलाज किया जा रहा है। घायलावस्था में विनय बैठा ने बताया कि वह घर से बाइक द्वारा पिता के साथ भवनाथपुर बाजार आ रहा था।

## नेहरू युवा केन्द्र ने भारत गौरव स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में गुरुवार को भारत गौरव स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद विद्यालय के छात्रओं के बीच स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर निबंध व चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुये थाना प्रभारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में युवाओं ने जिस उत्साह से भाग लिया। यह सिद्ध कर दिया कि आज के युवा स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को जगतगुरू बनाना चाहते थे। युवाओं को इस दिशा में प्रयास करना होगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सबिता गुप्ता ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है। हम एक साथ महान आत्मा स्वामी विवेकानंद की जयंती मना रहे हैं। समारोह को अखिल शुक्ला ने भी सम्बोधित किया। मौके पर शिक्षक अकबर अली, संस्था के स्वयंसेवक पीयूष चौबे, ऋतु कुमारी, पूजा सिंह, बबिता कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार, युवा मंडल के सदस्य शिवम चौबे, विभिन्न प्रखंडों के स्वयंसेवक व विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थे।

### लूट की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना पुलिस ने कैलान जंगल से दो माह पूर्व लुटा गया मोटरसाइकिल की घटना में दो आरोपी को किया गिरफ्तार। लुटा गया मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान जंगल से 14 नवम्बर को ग्लैमर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 03 ए बी 8371 लुटेरे के द्वारा लूट लिया गया था। जिसका थाना कांड संख्या 181/22 धारा 379 भादवी के तहत केश दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा कांड के अनुसंधान के लिए टीम का गठन किया गया। अनुसंधान टीम के द्वारा लगातार छापामारी किया जा रहा था। वहीं 11 जनवरी को उंटारी रोड थाना के सहयोग से गठित टीम के द्वारा छापामारी कर लूटी गई मोटरसाइकिल एवं दो लुटेरे ज्ञानेन्द्र शर्मा पिता दिनेश शर्मा ग्राम बंदला थाना पाण्डु जिला पलामू एवं अनिकेत शर्मा पिता अधेन्द्र शर्मा ग्राम करमडीह थाना मझिआंव जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार, पुअनि. सहदेव कुमार साव, रामप्रसाद इंदवार, उंटारी रोड थाना पुअनि. अशोक कुमार महतो, सअनि. अभिमन्यु कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनी

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखंड के संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप एवं मंदिर समिति दुर्गा मंदिर टाउनशिप के द्वारा संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानन्द जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस दुर्गा मंदिर प्रांगण में मनाया गया। वहीं स्वामी विवेकानन्द पार्क में सीआईसीएफ कमांडेंट मधुसूदन महेश्वरी, मंदिर के सचिव शिवपूजन यादव, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार उर्फ बउआ भैया, उपाध्यक्ष यशवंत चौबे, सोशल इनोवेशन ग्रुप के सचिव सत्यम पांडेय एवं कोषाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों ने स्वामी विवेकानन्द के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर उपस्थित कमांडेंट मधुसूदन महेश्वरी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है। अगर युवाओं को सही दिशा दिय जाए तो वो देश को एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। भारत सरकार भी युवाओं को प्रोत्साहन करने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सभी को ऐसे कार्यक्रम में जुड़ कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करना चाहिए। मंदिर के सचिव शिवपूजन यादव ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम इस पार्क में किया जाएगा। मौके पर मंदिर के दोनों पुजारी लव पांडेय एवं सतेंद्र वैद्य सीआईसीएफ के सब इंस्पेक्टर जीएल सिंह, दिपक द्विवेदी, संस्था के संस्थापक सदस्य उत्सव उमंग, प्रभात सिंह, राजूरंजन चंद्रवंशी, बबलू कुमार, अश्विनी सिंह सहित लोग उपस्थित थे।

### रमना मे पंचायत साक्षरता समिति का गठन

**रमना (गढ़वा)।** राजकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग-2 के प्रांगण में उपायुक्त- सह -अध्यक्ष जिला साक्षरता समिति गढ़वा के आलोक में पंचायत साक्षरता समिति का पुनर्गठन किया गया। इस समिति का मुख्य उद्देश्य साक्षरता दर में वृद्धि करना है। जिसमे मुख्य उद्देश्य पुरुष और महिला साक्षरता दर के अंतर को काम करना है। साक्षरता दर में वृद्धि होने से सभी ग्रामीण अपना हक अधिकार को जानेंगे और सरकार द्वारा संचालित जानकल्याणकारी कार्य का लाभ ले सकेंगे और एक सशक्त समाज का निर्माण होगा। इस पुनर्गठन सभा में मुख्य रूप से मुखिया अनीता देवी, प्रधानाचार्य नंदकिशोर चौबे, साक्षरता प्रखंड प्रबंधक कुलदीप ठाकुर प्रेरक सह एमटी सुग्रीम राम, वीटी सुरेंद्र राम, सहिया मिना देवी और सेविका उषा देवी उपस्थित थे। इस सभा में ग्रामीण महिला पुरुष को साक्षरता के लिए जागरूक करने पर विशेष चर्चा की गयी। इस साक्षरता मिशन में 15 वर्ष से ऊपर के सभी निरक्षर लोगो को शिक्षा का महत्व बताते हुए साक्षर होने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

### मुखिया ने असहाय व गरीबों के बीच बांटा कंबल

**रमना (गढ़वा)।** शीत लहरी और पड़ते कुहासे के मद्देनजर सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी द्वारा अपने पंचायत के गरीब, असहाय, वृद्ध विधवा और अर्धवीक्षिप्त ग्रामीणों के बीच अपने निजी खर्च से 65 ग्रामीणों को कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, वार्डसदस्य प्रदीप राम, दिलवा देवी, अंजली देवी, हीरा विश्वकर्मा, राजू रंजन सिंह, कर्म देव बैठा, बासुदेव चौधरी, मुन्ना कुमार, विश्वनाथ बियार, प्रेम शंकर बियार, मुकेश ठाकुर, बिशुन देव ठाकुर, चंद्रिका ठाकुर, रघुनाथ साह, गंगा चंद्रवंशी, परशु मेहता और बहुत सारे ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

### पुल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग देख भड़की प्रमुख

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड के परसोडीह गांव के पंडा नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 4 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा। पुल निर्माण में ग्रामीणों द्वारा अनियमितता की शिकायत पर प्रमुख चंद्रावती देवी के द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान पुल निर्माण में कई अनियमितता का उजागर हुआ। गुरुवार की शाम ग्रामीणों के द्वारा मिली शिकायत केआलोक में प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी उक्त पुल निर्माण की जांच करने पहुंची थी। जहां पुल निर्माण के कार्य स्थल से कनिया अभियंता गायब मिलें। पुल निर्माण में अवैध बालू की पुष्टि हुई। कर्मचारी के द्वारा संवेदक के मुंशी से बालू का चालान की मांग की गयी। मौके पर प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि पुल निर्माण में घटिया और अवैध किस्म का बालू, गिट्टी और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। संवेदक द्वारा मनमानी रवैया अपनाते हुये घटिया पुल निर्माण के साथ- साथ सरकार के लाखों रुपए का राजस्व की चोरी किया जा रहा है। प्रमुख ने कहा कि उपायुक्त से मिलकर इस पुल निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद,रवि शंकर प्रसाद,उदय प्रसाद, अखिलेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विभिन्न विद्यालयों ने जागरूकता रैली निकाली

**बड़गड़ (गढ़वा)।** सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार झारखंड सरकार परिवहन द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। 11 जनवरी से 17 जनवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय बड़गड़ एवं संत बेनेदिक मध्य विद्यालय गोठनी के द्वारा गुरुवार को विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाल कर विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर लोगो से यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। रैली के दौरान स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा सड़क पर यातायात के नियमों के विरुद्ध वाहन चला रहे वाहन चालकों को गुलदस्ता देते हुए यातायात के नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। जागरूकता रैली में हाई स्कूल के नेतृत्व कर्ता के रूप में प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज, शिक्षक अनिल चौधरी, शबनम मिंज, ज्योत्सना मिंज, रंजीत कुमार, मोदेसत्ता मिंज वहीं संत बेनेदिक स्कूल के प्रधानध्यापक लाजरूस मिंज शिक्षक मारियानुस टोप्पो, स्वेता बाड़ा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पिपरडीह में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखण्ड के पिपरडीह पैक्स में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। धान क्रय केंद्र का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, प्रखण्ड बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया उषा देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रखण्ड बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि हमारी सरकार की बराबर कोशिश रहती है। वहीं किसानों को कैसे समृद्ध बनाया जाए। अभी सुखाड़ के मद्देनजर सरकार किसानों के खाते में सीधे पैसा जमा की है। इस विकट परिस्थिति में भी जो किसान धान का पैदावार कर पाए हैं। उनकी खरीद के लिए भी आज धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया है।

## बीडीओ ने शिक्षक कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की

**धुरकी (गढ़वा)।** वित्तिय वर्ष 2020-21 एवं 22-23 में कक्षा 8 में अध्ययन कर रहे सभी छात्रों को साइकिल मुहैया हो। उन्हें इकल्याण छात्रवृत्ति उपलब्ध हो। इसके लिए धुरकी बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीआरसी कर्मी एवं प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बीडीओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को दिशा निर्देश दिया। वहीं जिन छात्रों को इकल्याण से छात्रवृत्ति उपलब्ध नहीं हो पाया है। उसके लिए पोर्टल पर आवेदन दें। बीडीओ ने समीक्षा में अभी कहा कि विद्यालय में पोशाक वितरण मैं पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। वहीं क्रय समिति के सहमति से बच्चों को पोशाक का खरीदारी करें। वहीं विद्यालय के शौचालय एवं रंग रंगव आदि। कार्यों में गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। उन्होंने विद्यालय के पठन-पाठन मध्यान भोजन पर भी शिक्षकों को अधिक ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बैठक में कहा कि सभी शिक्षक यह ध्यान देंगे की तीनों सत्र में जो भी बच्चे कक्षा 8 में अध्ययनरत थे। चाहे वह जिस विद्यालय में चले गये हो। जिसकी सूची हर हाल में बनाने का निर्देश दिया कि कोई छात्र साइकिल योजना से वंचित ना रहे। इस पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

## ऋण माफी को लेकर शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** झारखंड सरकार के कृषि ऋण माफी को लेकर गुरुवार को भवनाथपुर पंचायत भवन में सभी नौ पंचायत के लिए ऋण माफी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी राजगीर राम, बीटीएम ओमप्रकाश गुप्ता, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी ने किया। मौके पर कृषि विभाग के पदाधिकारियों के साथ प्रज्ञा केंद्र के संचालकों ने एक साथ बैठ कर ई केवाइस का कार्य किया। इसकी जानकारी देते हुए बीटीएम ने बताया कि उच्च अधिकारी के निर्देश पर कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमे जिन- जिन कृष्क लोगो का ऋण माफी नही हो सका है वो सभी कृषक को अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक के छाया प्रति एवं मोबाइल नंबर लेकर कैम्प में आकर एक रुपये की टोकन कटवाया गया। उन्होंने ने कहा कि वैसे कृषक को अभी तक अपना इकेवाईसी नही कराए है वे 28 जनवरी से पहले प्रज्ञा केंद्र में जा कर अपना इकेवाईसी करा लें। इकेवाईसी कराने के बाद ही झारखण्ड सरकार ऋण माफी योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने ने कहा कि वैसे किसान जो 31 मार्च2020 से पहले कृषि ऋण लिए है उनका स्टैंडर्ड खाता है उन कृषकों की सूची प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं कृषि मित्र के पास उपलब्ध है। इस मौके पर पूर्व विससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, कृषक मित्र पंचम साह, राजेन्द्र प्रसाद यादव, सुनील राउत, भानु गुप्ता, अनुज पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-19/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड सदर मेदिनीनगर अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास/ पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्गत कर्मचारी/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य का निर्माण। | 60599400.00 | 1212000.00 | 10000.00 | 12 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 24.01.2023 अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Affidavit एवं Bank Certificate for Credit Facility जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.01.2023 अपराहन 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
6. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.01.2023 अपराहन 2:00 बजे
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9304798195 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू के पदनाम से देय हो देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अ्द्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू।

PR 287361 Rural Work Department(22-23)D


## निरीक्षण — कृषि व कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में टीम गठित

# आईएमसीटी समिति ने सुखाड़ का किया आकलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित इंटर मिनिस्ट्रियल सेंट्रल टीम (आईएमसीटी) समिति के द्वारा सुखाड़ का आकलन करने हेतु झारखंड परिभ्रमण के दौरान गुरुवार को गढ़वा पहुंची। जिले के तीन पंचायत गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर, लोटो एवं मेराल प्रखंड अंतर्गत तीसरटेटूका पंचायत के कोटाम का निरीक्षण किया। सुखाड़ का आकलन करने पहुंची केंद्रीय टीम ने किसानों से बात कर सुखाड़ के नुकसान का जायजा लिया। उपरोक्त स्थलों पर पहुंचकर किसानों से वार्तालाप करते हुए खरीफ फसल के उत्पादन में पिछले वर्ष एवं वर्तमान वर्ष के बारे में पूछा। कृषकों ने बताया कि अल्पवृष्टि के कारण इस वर्ष सूखा का सामना करना पड़ा है। स्थिति खराब हो गई है। कृषक सुखाड़ से निपटने के लिए चिंतित हैं। निरीक्षण के दौरान टीम ने किसानों द्वारा की जा रही खेती के तौर-तरीकों को समझा एवं उनकी समस्याओं को जाना। उक्त टीम में प्रमोद नारायण डायरेक्टर सीडब्ल्यूसी रांची, महेश कुमार डिप्टी डायरेक्टर एवं बृजमोहन सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर सेंट्रल ग्रीन एनालाइसीस लैबोरेट्री, केन्द्रीय स्तर के जबकि राज्य स्तर से 2 सदस्य असीम रंजन एक्का, उप निदेशक कृषि यांत्रिकी एवं मुकेश गागराई, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण उपस्थित थें। स्थिति का आकलन करते हुए टीम में शामिल असीम रंजन एक्का ने बताया कि सुखाड़ के कारण गढ़वा जिले की स्थिति बहुत खराब है। कृषि विभाग गढ़वा एवं जिले के कृषकों द्वारा दिया गया जानकारी सत्य है। किसानों के खरीफ फसल में काफी नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी केंद्र को दी जाएगी। मौके पर निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला उद्यान पदाधिकारी शिव शंकर, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, आत्मा से योगेंद्र कुमार सिंह, सहायक अभियंता, भूमि संरक्षण विभाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी गढ़वा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेराल समेत काफी संख्या में कृषक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित थे।




## Office of Civil Surgeon cum Chief Medical Officer, Lohardaga
(Department of Health and Family Welfare)

**Recruitment Notice**

**Revised Interview Date : 19.01.2023**

Civil Surgeon, Lohardaga invites application for contractual recruitment for District Programme Coordinator under AB–MMJAY (Ayushman Bharat-Mukhyamantri Jan Arogya Yojna).

Information published on Daily newspaper dated 01-01-2023. PR. No. 286433 Lohardaga (22-23):D by Office of Civil Surgeon cum Chief Medical Officer, Lohardaga has been revised and new interview date scheduled on 19-01-2023

| Sl. No. | Position | No. of Post | Desired Qualification and Experience | Remunerati on (Rs./per Month) | Age Limit |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Co-ordinator | 01-UR | Essential Qualification : • MBBS/MBA in healthcare or Master of health/Hospital Administration or Master of Public Health full time regular university degree. • At least 2 Years of experience in implementation of government health insurance programme or insurance industry or TPA (Third Party Admin istrator) | 50,000.00 | Up to 45 Years |

**Terms and Conditions :-**

Relevant document can be downloaded from http://lohardaga.nic.in

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in walk-in-interview along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in Jila Parishad, Block More, Lohardaga, at 11:00 AM onwards on January 19th 2023.
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Selection to the above posts will be on the basis of meritorious academic record and performance in the Interview conducted by the District Administration.
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.

Civil Surgeon-Cum-Chief
Medical Officer, Lohardaga

PR 287483 Lohardaga (22-23)_D

NEWS इन ब्रीफ

## राष्ट्रीय मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने मरीजों में किया फल वितरण

**लातेहार।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो लातेहार के तत्वाधान में गुरुवार को सदर अस्पताल लातेहार में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के डिस्टिक सेक्रेटरी संतोष प्रसाद ने बताया कि समय-समय पर मरीजों के बीच फल का वितरण करने से मन को सुखद मिलता है। उन्होंने कहा कि गरीब व बीमार लोगों को सेवा हमेशा करते रहना चाहिए। सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। जिसका उदाहरण लातेहार सदर अस्पताल है। इस मौके पर मुकेश कुमार अग्रवाल, मनोहर कुमार सिन्हा, गुड्डू तिवारी, प्रदीप प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस प्रशासन ने चलाया वाहन जांच अभियान

**मनिका।** गुरुवार को मनिका थाना क्षेत्र में जिला डीसी भौर सिंह यादव के निर्देशानुसार मनिका थाना के समीप थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के द्वारा रांची मुख्य मार्ग 39 में वाहन जाच चेकिंग अभियान चलाया गया। जाच चेकिंग के दौरान सड़क से गुजरने वाले दुपहिया बाइक को हेलमेट, की जांच की गई। हेलमेट नहीं रहने पर दर्जनों बाइक पकड़ कर जप्त कर लिया गया वही बाइक मालिकों को गुरुवार को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है अगले बार से हेलमेट नहीं रहने पर चालान काटा जाएगा। मौके पर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया की लगातार सड़क दुर्घटना हो रहा है हमेशा वाहन सुरक्षा नियमों का पालन करे और हेलमेट पहनकर ड्राइव करे।

## शिव शनि देव मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव आज से

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाजारटांड स्थित शिव शनि देव मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि शिव शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी को मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं 14 जनवरी को शनि अभिषेक हवन, पूजन एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री महलका ने लातेहार वासियों से मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सहभागिता निभाने की अपील की है एवं कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए तन मन धन से सहयोग करने की बात कही है। उन्होंने सभी भक्तजनों से भंडारे के दिन मंदिर परिसर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की भी अपील की है।

## शोध गोष्ठी का आयोजन

**लातेहार।** विद्या भारती की योजना के अनुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार मे 'कक्षा कक्ष में अध्ययन अध्यापन में समस्या और निदान' विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी जी एवं प्रधानाचार्य उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य श्री अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि शोध से शिक्षण समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है, कक्षा कक्ष में अध्ययन अध्यापन के दौरान आचार्यों व भैया बहनों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है हमें उन समस्याओं को डायरी में नोट करनी चाहिए और उस समस्याओं का निदान कैसे किया जाए उस पर मनन चिंतन, चर्चा और सफल योजना बनानी चाहिए। पठन-पाठन के दौरान विषय को अधिक से अधिक रोचक, तनाव मुक्त वातावरण में शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग सहजता से करनी चाहिए। शोध गोष्ठी के सफल आयोजन में आचार्य प्रवीण कुमार यादव, ओंकारनाथ सहाय, लाल बहादुर राम, विजय पाठक, आलोक पांडे, रेनू गुप्ता, गीता कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा कुमारी एवं सभी आचार्य बंधु भगिनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### उपायुक्त ने की जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा

# अधिग्रहीत भूमि के रैयतों को समय से दें मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक कर उपायुक्त अबु इमरान द्वारा आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू-अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मेगा प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले, एनओसी, एफआरए, रैयती मान्यता, अवार्ड, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से मामलों की समीक्षा कर जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं



सभी निमार्णाधीन कार्यों में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया जिससे संचालित सभी कार्य को ससमय पूर्ण कराया जा सके। उपायुक्त ने जमीन मुआवजा राशि एवं अब तक किए भुगतान की पूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए समस्याओं का ससमय समाधान करने को कहा। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमलोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। पूर्व के बैठक में वैसे सड़क मार्ग जहां जंगल झाड़ी के कारण वाहन चालकों को वाहन चालने में एवं सामने देखने में समस्या होती हैं वैसे स्थानों को चिन्हित कर जंगल झाड़ी की सफाई करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल को दिया गया था, इसकी समीक्षा करते हुए जल्द से इस दिशा में कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता नगर परिषद को निर्देशित किया गया कि नगर परिषद क्षेत्र में ऑटो रिक्सा हेतु पार्किंग एवं नो पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किया जाय। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं कोविड-19 से संबंधित लंबित प्रस्ताव कि विवरणी की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, डीएफओ दक्षिणी एसपी सुमन, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, सदर एसडीओ संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संत जेवियर कॉलेज में 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का रंगारंग समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर में राष्ट्रीय युवा महोत्सव सह विवेकानंद जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी के दिन स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। कॉलेज में इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन व विवेकानंद जी तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। प्राचार्य फादर डॉ एम के जोश ने कहा धर्म, मानवता, स्वतंत्रता, वेदांत दर्शन जैसे कई विषयों के मार्गदर्शक रहे विवेकानंद भारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता थे। वह एक देशभक्त, एक महान वक्ता और विचारक होने के साथ-साथ एक आध्यात्मिक विचारधारा वाला व्यक्ति थे। उन्होंने अपने गुरु रामकृष्ण के महान दर्शन पर काम किया। उन्होंने बेलूर मठ, रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। भारत के गौरव स्वामी विवेकानंद को करोड़ों युवा अपना आदर्श रहे हैं। युवा एक लक्ष्य निर्धारण करे और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलें। उन्होंने भारत और दुनिया के सामने वेदांत दर्शन की व्याख्या की, जो निश्चित रूप से धर्म को उसके सही अर्थों में दिखाई देता है। विद्यार्थी पेत्रुस आइंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का संदेश है कि जबतक लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति करो, इसी संकल्प के साथ युवा पीढ़ी को आगे बढ़ना चाहिए।

इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये गए थे, समापन समारोह के अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

पेंटिंग में प्रथम आशुतोष एक्का, द्वितीय प विनीत बखला, तृतीय अनिकेत मिंज, स्पीच में प्रथम पेत्रुस आइंद, द्वितीय अजय उरांव, तृतीय निशा कुमारी, मिमिक्री में प्रथम रोशन नगेसिया, दिलीप टोप्पो, अमलराज खलखो और नृत्य, एकल गायन, निबंध लेखन, रस्साकसी, फुटबॉल क्विज आदि विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो मैक्सेनसियुस कुजूर सिस्टर कैशलीन जूलियट प्रो कीर्ति मिंज प्रो नेहा मिंज प्रो मन्नु कुमार शर्मा प्रो रश्मि सुमन प्रो अभय सुकुट डुंगडुंग प्रो रोस एलिस प्रो सुबोध मिंज प्रो स्मिता प्रो राजीव महतो प्रो सुभास सामंत प्रो जाफर इकबाल प्रो दिव्य शोभा व सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## अभाविप महुआडांड़ ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस




**स्वामी** विवेकानंद जयंती के अवसर पे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महुआडांड़ नगर इकाई के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जहां सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पे पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ। अभाविप नगर अध्यक्ष सह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन बेसरा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धणुष, एवं भुषण जायसवाल ने किया। इसके बाद सभी ने स्वामी जी के तस्वीर पे पुष्प अर्पित किया। अपने वक्तव्य में श्री बेसरा ने कहा की विवेकानंद जी ने संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति, वेदांत दर्शन तथा हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रचार-प्रसार किया एवं अपने अकूत ज्ञान भंडार व ओजस्वी विचारों से सम्पूर्ण विश्व को भारतीय संस्कृति की सुगन्ध से पल्लवित कीया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप नगर अध्यक्ष चंदन बेसरा, नगर उपाध्यक्ष राजपती सिंह, अभाविप लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धणुष, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित जायसवाल, नगर मंत्री शुभम कुमार, नगर सह मंत्री हिमांशु कुमार, भुषण जायसवाल, पवन गुप्ता समेत दर्जनों शिक्षक एवं सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दो साइबर अपराधी गिरफ्तार पांच एंड्रॉयड फोन बरामद

### पुलिस की गठित टीम ने साइबर सेल के सहयोग से देवघर से किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस दो साइबर अपराधी गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिसका प्रेसवार्ता कर बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार ने बतलाया कि वादी विवेक यादव ने थाना में आवेदन कर मामला दर्ज कराया था कि मोटरसाइकिल देने के नाम पर 53,000 हजार की ठगी कर ली गई है। जिस पर पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए पुलिस की एक टीम गठित की गई। पुलिस ने दो सैमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल, 5 एंड्राइड मोबाइल के साथ दो अपराधी मो. हुसैन



अहमद एवं शमशेर मियां ग्राम नवादा सारठ जिला देवघर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को धारा 419/420आपीसी एंड 66(सी)/66(डी)आई टी एक्ट का मामला दर्ज कर दोनों साइबर अपराधियों को न्यायिक हिरासत में लातेहार कारा भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में पु0अ0नि0 मनोज मुर्मू, आ 441 बिरेन्द्र पासवान साइबर सेल, आ 947 सुरेश सिंह साइबर सेल के नाम शामिल हैं।

# कैंसर पीड़ित को पीएम सहायता कोष से मिली उपचार के लिए दो लाख की राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कैंसर पीड़ित राहम निवासी मोहम्मद गुलजार अंसारी को प्रधानमंत्री सहायता कोष से दो लाख रुपए मुहैया कराए गए हैं। बताया गया कि गरीबी से जूझ रहे अंसारी का ईलाज तमिलनाडु के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल वेल्लोर में चल रहा है। वहीं सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने मामले की जानकारी मिलते हीं त्वरित पहल करते हुए सांसद सुनील कुमार सिंह को वस्तुस्थिति से अवगत कराया था। जिसपर सांसद



द्वारा 18 अक्टूबर 22 को पीएमओ कार्यालय को समुचित उपचार के लिए सहायता हेतु विशेष ध्यानाकर्षण कराया था। इसपर पीएमओ कार्यालय संज्ञान लिया गया और इस गंभीर बीमारी से उपचार हेतु प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की राशि सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी गई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वयं गुलजार अंसारी को पत्र लिखकर शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करते हुवे उन्हें शुभकामना संदेश-पत्र भेजा है। इस संजीदगी पर पीड़ित के पिता जबुल मियां सहित मो. मंजूर मियां, अक्षयवट पांडेय, मो. इदरीश अंसारी समेत परिजनों ने प्रधानमंत्री, सांसद व उनके प्रतिनिधि के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पीएचईडी विभाग ने खराब चापानल को किया ठीक

### 3 वर्ष से अधिक समय से खराब पड़ा था चापानल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान की पहल के बाद पीएचईडी विभाग के जेई सुनील कुमार के निर्देश पर आंगनबाड़ी केंद्र कुजरी की खराब चापानल को ठीक करा दिया गया है, तीन वर्ष से खराब पड़े चापानल बन जाने से बच्चों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। करीब 3 साल से अधिक समय से चापानल खराब रहने से बच्चों को शौच और पीने के लिए काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था, वहीं सहायिका को मध्याह्न भोजन बनाने के लिए परेशानी होती थी। पानी के अभाव में बच्चे खुलें में शौच के लिए गांव से दूर जाने को मजबूर थे। पानी के लिए केंद्र के बच्चे सहायिका तो परेशान थे ही साथ ही आंगनबाड़ी के आस पास रहने वाले मुहल्ले के ग्रामीणों की भी इसी आंगनबाड़ी केंद्र से प्यास बुझती थी। इसके बन जाने से बच्चों सहायिका के साथ साथ मुहल्ले के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब हो कि पंसस खान ने पिछले दिनों आंगनबाड़ी केंद्रों का जायजा लेकर पानी, शौचालय, भवन की स्थिति का जानकारी लेकर खराब पड़े चापानल को ठीक करने के लिए पीएचईडी विभाग के जेई सुनील कुमार से बात किया था इसके बाद जेई के निर्देश पर बुधवार को खराब पड़े चापानल को ठीक कर दिया गया है।

### सीडब्ल्यूसी और पुलिस की बेहतर पहल

# पॉक्सो लैंगिक अपराधों को रोकने के लिए है : तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पुलिस व बाल कल्याण समिति (बैंच ऑफ मेजीस्ट्रेट) के द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों को यातायात नियमों व लैंगीग अपराध के साथ उनके अधिकारों की जानकारी युवा दिवस पर बुधवार को जिले के प्लस टू जनता उच्च विद्यालय पत्थलगड़ा में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन धनंजय तिवारी व थाना प्रभारी बमबम कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान चेयरपर्सन श्री तिवारी ने बच्चे व बच्चियों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह व जेजे एक्ट




2015 के साथ सेफ्टी की जानकारी विस्तारपूर्वक देने के साथ बताया कि पॉक्सो बालकों के लैंगिक अपराधों के संरक्षण के लिए बनाया गया है। श्री तिवारी ने इस दौरान बच्चों को गुड टच बैड टच की भी जानकारी इसके उदाहरण देकर दी। थाना प्रभारी श्री कुमार ने यातायात नियमों के पालन करने के साथ सेफ्टी से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकरी बच्चों को देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन चलाना अपराध के श्रेणी में आता है। साथ ही बाल विवाह के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 18 साल से कम की लड़की व 21 साल से कम आयु के लड़के की शादी नही करने कि बात कही। बच्चों के साथ होने वाले अपराध, बाल श्रम व बाल विवाह से संबंधित सूचना 1098 पर देने की बात कही गई। कार्यक्रम में बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी, प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार के साथ सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

# लापरवाही का दंश झेल रहे हैं मयूरहंड के बिरहोर लोग, खाता है होल्ड पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत करमा में लगभग चालिस घर बिरहोर परिवार निवास करते हैं। जो इन दिनों पशुपालन विभाग की लापरवाही का दंश झेल रहे हैं। वर्ष 2022 जुलाई महीने में ग्रामसभा के माध्यम से पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन योजना के तहत करमा बिरहोर परिवार के कई लोगों का बकरी पालन के लिए चयन किया गया और जरुरत के कागजात लिए गए संबंधितों के द्वारा। जिसके बाद पशुपालन विभाग के पदाधिकारी चयनित लाभुकों के खाते में बकरी खरीदने को लेकर पहली किस्त 12



हजार रुपये डाल दी। पर इसकी सूचना पदाधिकारियों द्वारा लाभान्वित बिरहोर परिवारों को नहीं दी गई। कुछ ने खाते में आए राशि में से दस हजार करके निकासी कर अपनी जरूरतों में खर्च कर दिया। जब इसकी जानकारी विभाग के बाबुओं को हुई तो आनन फानन में सभी लाभुकों के खातों को होल्ड कराया दिया गया। इसके बाद कर्ज कर संबंधित लाभुक बकरी की खरीदारी भी कर ली। इसके बाबजूद लगभग 9 महिना बितने को है पर अभी तक खाते होल्ड पर ही हैं। ऐसे में पदाधिकारियों के निरंकुशता के कारण बिरहोर परिवार अपने खाते से वृद्धा पेंशन व अन्य राशि की भी निकासी नहीं कर पर रहे हैं।

कार्यक्रम | जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव सह लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन

# सरना व सनातन एक है : आशा लकड़ा





**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के चमातू पहाड़ी मंदिर परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रम के तहत जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव सह लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन जन जागरण के झारखंड प्रांत उपाध्यक्ष भाई लालू जी एवं लातेहार जिला संयोजक सह भाजपा नेता चेतलाल रामदास के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धर्म जागरण झारखंड- बिहार राज्य के सूबेदार जी, विशिष्ट अतिथि सुमन जी, आशा लकड़ा प्रांत मंत्री, सिमरिया विधायक किशुन दास जी, मनिका पूर्व विधायक हरीकृष्णा सिंह सहित मेदिनीनगर रांची और हजारीबाग के संघ पदाधिकारी और लातेहार जिला के कई जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित हुए। जिन्हें आयोजनकर्ताओं ने ढोल मांदर के साथ झारखंडी रीति रिवाज में भव्य स्वागत किया। वहीं भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं सामूहिक रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर मुख्य अतिथि सूबेदार जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश भर में धर्म परिवर्तन कर देश के संस्कृति को धूमिल की साजिश की जा रही है। बांग्लादेशी भारत में घुसकर रोजगार कर हमारा भारत को तोड़ने का काम कर रहे हैं। इससे बचना होगा। वहीं आशा लकड़ा ने कहा सरना और सनातन एक है। हिंदू जागरण मंच के सुमन जी ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर कहा चादर फादर के बहकावे में आकर लोग धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। और अपना संस्कृति को अधार में डाल रहे हैं। इनके बहकावे में नही आना है राजमाता लक्ष्मी जी ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर अपने मंतव्यों को दिए। मौके पर मंचासीन अतिथि हरे कृष्णा सिंह, लालू जी, विधायक किशन दास, केतलाल रामदास सहित कई वक्ताओं ने अपने वक्तव्य को दिया वही झारखंड के सरायकेला, गुमला, आदी जिलो से आये लोक नृत्य कलाकारों ने अपनी कला से दर्शकों का मन मोह लिया। एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे अजय जी, मधुसूदन दास,राजमाता लक्ष्मी, विनोद राणा, उप प्रमुख कामेश्वर राम, प्रियंका देवी, लक्षमण कुशवाहा, शीला देवी मनीष जयसवाल लव सिंह राजधानी यादव समेत सैकड़ों भाजपाई नेता उपस्थित रहे।

# बसपा की बैठक में छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग उठी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड बहुजन समाज पार्टी की एक आवश्यक बैठक बरवाडीह पुराना प्रखंड परिसर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बसपा मनिका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हरदयाल सिंह की अध्यक्षता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार व मोहन सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड बसपा के वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार तथा बसपा के लातेहार जिलाध्यक्ष मुंगेश्वर राम उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एसटी, एससी ओबीसी एवं अल्पसंख्यक को हाईकोर्ट - सुप्रीम कोर्ट के न्यायमुर्तियों की नियुक्ति के साथ-साथ सभी सरकारी, गैर सरकारी निकायों में जनसंख्या अनुपात उचित प्रतिनिधित्व देने, बरवाडीह चिरिमिरी रेलवे लाइन चालू करने, वन व खनिज आधारित उद्योग लगाकर पलायन रोकने, घर-घर शुद्ध जल व बिजली उपलब्ध कराने, लाभर नाका से लात पंचायत



तक पक्की सड़क निर्माण करने, ग्राम कुटमू स्थित टोला मछर्घटवा में तालाब निर्माण करने, छीपादौहर को प्रखंड बनाने, बीपीएल परिवार को बकाया बिजली बिल माफ कर उन्हें मुफ्त बिजली उपलब्ध करने, हाल सर्वे को रद्द कर नये सिरे से सर्वे कराने, सभी अनुबंध कर्मियों को स्थायी करने, कोर्ट फी वृद्धि वापस लेने की मांग सरकार से की गई तथा मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। बैठक में किस्मतीया देवी, लखपति देवी, शांति देवी, सकूंती देवी, पनो देवी, मोहन सिंह, सीताराम भूइया, सत्यनारायण सिंह, श्रीराम, दिलवार सिंह, रामदेव सिंह, अशोक राम, शैलेन्द्र पासवान, शम्भू सिंह व अन्य लोग अपना -अपना विचार रखे तथा भारी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### डुमरिया जंगल से 100 लकड़ी का बोटा जब्त



**बानो।** बानो प्रखंड के डुमरिया से वन विभाग ने छापेमारी कर लगभग तीन लाख रुपये की अबैध सखुआ बोटा जब्त किया। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग बानो को मिली गुप्ता सूचना के आधार पर प्रखंड के प्रखंड के ग्राम पंचायत डुमरिया, एकोदा आदि क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गये है। इसकी सूचना मिलने पर बानो रेजर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर डुमरिया गांव के आस पास छापेमारी कर 100 सखुआ बोटा जब्त कर बानो ले आया है। मिली जानकारी के अनुसार लकड़ी तस्करी में आस पास कई ग्रामीण शामिल हैं। जिसकी जांच चल रही है जल्द ही लकड़ी तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कराने को बात कही गई। छापेमारी दल में प्रभारी वनपाल विवेक कुमार, लखिदर कुमार सिंह, मनीष डुंगडुंग, सुरेश टेटे आदि लोग शामिल थे।

### मॉडल डिग्री कॉलेज बानो में मनाया गया युवा महोत्सव

**बानो।** मॉडल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों ने जिसमे सभी विद्यार्थियों ने चडबढ़ कर हिस्सा लिया, ज्ञात हो की नेहरू युवा केंद्र द्वारा भी चित्रकारी की प्रतियोगिता आयोजित कि गई थी। स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर भाषण, गीत और चित्रकारी में विद्यार्थियों में रंजीता, रोशनी, प्रकाश और संदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सभी वख्यताओं ने बच्चों को स्वामी विवेकानन्द जी के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया और उनका हमारे जीवन और राष्ट्र निर्माण में के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी वख्यता, डॉ. नीलम कुमारी, कुमारी शिप्रा, गीता रानी कुजूर, डॉ. हर्षवर्धन समेत सभी विद्यार्थिगण मौजूद रहे।

### अभाविप ने मनायी विवेकानंद की जयंती

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,लोहरदगा नगर इकाई द्वारा मंजूर मति हाई स्कूल महादेव आश्रम में राष्ट्रीय युवा दिवस सह हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी का जयंती मनाया गया। जिसमें झारखंड प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत ने बताया कि हमें स्वामी जी के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। मौके पर मंजूरमती हाई स्कूल के निदेशक मदनमोहन पांडेय ने विद्यालय में अच्छे नंबर से पास करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर ब्रजकिशोर बड़ाईक, रामविलास सिंह, लक्ष्मी नारायण तिवारी, गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छवि सिंह, नगर मंत्री आदित्य साहू ,नगर उपाध्यक्ष जान्हवी गोयल, कॉलेज मंत्री दिव्या कुमारी, ममता कुमारी, दीपा कुमारी,गीता कुमारी, प्रीतम नायक, सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थी।

### डीसी ने की स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# 100 फीसदी पूरा करें प्रथम एएनसी पंजीकरण का कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने प्रथम एएनसी पंजीकरण, एएनसी चेकप, शिशु कुपोषण उपचार केन्द्र, हीमोग्लोबिन जांच, मातृ मृत्यु अनुपात, सहित अन्य कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में प्रथम एएनसी एवं चौथा एएनसी पंजीकरण को शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो गर्भवती महिलाएं जांच के क्रम एनीमिक पाये जाते है, जिसको आयरन की गोलियां उपलब्ध कराते हुए महिलाओं का तीन माह तक प्रॉपर मॉनिटरिंग करने हेतु सहिया



को निर्देश देने की बात कहीं। साथ ही आयरन की गोलियां खाने हेतु महिलाओं में जागरूक लाने की बात कहीं। इसके अलावे उन्होंने मलेरिया एवं टी.बी से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत सावित्राबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषण उपचार केंद्र, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, एवं अन्य योजना से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होंने ने सावित्राबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सभी आवेदनों को तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलें चिन्हित सैम एवं मैम एनिमिक बच्चों को एसटीसी केन्द्र में उपचार कराने हेतु परिवेक्षिका महिला को बच्चों का उपचार केन्द्र पर भती कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. पदम प्रकाश शाह, एमओआईसी कोलेबिरा डॉ कृष्णा कुमार शर्मा, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. राजेश कुमार, सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, व अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### ऐतिहासिक होगी विश्व कल्याणार्थ श्री महालक्ष्मी महायज्ञ : विजय सिंह



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के ग्राम तिसिया में होने वाली विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी महायज्ञ की सफलता हेतु आयोजन समिति पूरी तरह से तैयारी में जुट गई है। समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में काशी मथुरा बनारस सहित देश के कई हिस्सों से विद्वानों की टोली पहुंचेंगे। इसे लेकर सभी विद्वानों और गणमान्य लोगों को कार्यक्रम में आने हेतु न्योता दिया गया है। श्री लक्ष्मी कार्यक्रम का शुभारंभ 22 जनवरी से होगी जो 29 जनवरी तक चलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सबसे ज्यादा क्षेत्र की महिलाएं अपना अहम योगदान निशुल्कः दे रही हैं। समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का कहना है कि विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम पूरे जिले में ऐतिहासिक और भव्य होगा।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित

# प्रेरणा और पूनम की जोड़ी ने जीता खिताब

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय और लोहरदगा वन प्रमंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विद्यालय के भगवान बिरसा मुंडा सभाकक्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य रूप से प्रश्न मंच प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेरणा तिग्गा एवं पूनम कुमारी की जोड़ी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रीना कुमारी एवं सोनी कुमारी की जोड़ी ने प्राप्त किया। सुषमा अभिषेक लकड़ा एवं सोनी उरांव तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रीना कुमारी, द्वितीय स्थान सुषमा अभिषेक लकड़ा और तृतीय स्थान आदित्य राज ने प्राप्त किया। सभी को समारोह में मुख्य अतिथि डीएफओ अरविंद कुमार, विशिष्ट अतिथि रेंज ऑफिसर अरुण कुमार, उपवन परिसर अधिकारी



किशोर नंद कुमार, लोहरदगा में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सदस्य शोभा देवी एवं प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके पूर्व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने किया। संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन रेणु कुमारी ने किया। निर्णायक की भूमिका कविता कुमारी एवं ऋद्धि मिश्रा ने निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक

# औद्योगिक विकास के लिए सुझाव दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में लोहरदगा के राजेश कुमार महतो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, दक्षिणी छोटानागपुर ने लोहरदगा के विकास के लिए औद्योगिक विकास को लेकर अपने सुझाव के साथ मांग रखी है। जिसमें लोहरदगा में कृषि व खनिज आधारित उद्योग की स्थापना की अपार संभावना है जिला में 200 एकड़ की नई औद्योगिक क्षेत्र चिन्हित कर उससे उद्योग की स्थापना हेतु आवंटित किया जाए की स्थापना एवं बड़े उद्योगपतियों को उद्योग लगाने हेतु प्रेरित करने की पहल किया जाए। लोहरदगा में रियाडा द्वारा चिन्हित औधोगिक क्षेत्रो में बिजली की संपूर्ण व्यवस्था,



शुलभ सौचालय, तथा पहुँच पथ की उचित व्यवस्था विकसित किया जाना चाहिए। एक इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण हो,जिसके अंदर विभिन्न ओधोगिक प्रशिक्षण केंद्र वितीय सेवा संस्थान इत्यादि कि सुविधा हो। ताकि जिला के युवा वयापारी व बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित कर नए उद्योगों को वित्तीय सहयोग से स्थापित कर जिले को ओधोगिक के क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएं।

इस पर बुढ़िया बोली- 'यदि आप प्रसन्न हैं, तो मुझे नौ करोड़ की माया दें, निरोगी काया दें, अमर सुहाग दें, आंखों की रोशनी दें, नाती दें, पोता, दें और सब परिवार को सुख दें और अंत में मोक्ष दें।' यह सुनकर तब गणेशजी बोले- 'बुढ़िया मां! तुमने तो हमें ठग लिया। फिर भी जो तूने मांगा है वचन के अनुसार सब तुझे मिलेगा।' और यह कहकर गणेशजी अंतर्धान हो गए। उधर बुढ़िया मां ने जो कुछ मांगा वह सबकुछ मिल गया।

## स्थानीय भाषाओं से ही वैश्विक भाषा बन सकती है हिंदी


उमेश चतुर्वेदी

***अपनी*** सफलता की गारंटी स्थानीय बोध को हिंदी पत्रकारिता में पहली बार अमर उजाला ने माना। आगरा से शुरू होने वाला यह पहला अखबार था, जिसने स्थानीय बोध को स्वीकार किया और उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में अपनी पैठ बढ़ानी शुरू की थी। आधुनिक खड़ी बोली हिंदी की विकास यात्रा की शुरूआत उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में हुई। लेकिन इसे बीसवीं सदी के शुरूआती वर्षों में ना सिर्फ गति मिली, बल्कि स्तरीयता के संदर्भ में एक मानक स्तर भी हासिल कर लिया। इस दौर में हिंदी जहां परिनिष्ठित होती है, वहीं उसे सौष्ठव पूर्ण बनाने की कोशिश भी शुरू होती है। इसी दौर में देखते हैं कि हिंदी राष्ट्रीय होने की ओर बढ़ती है और इसमें भावी बहुभाषी स्वतंत्र भारत की भाषाओं के बीच सेतु के तौर पर देखा जाता है। ब्रिटिश भारतविद् फ्रांचेस्का आर्सिनी इसी दौर की हिंदी को समूचे भारतीय राष्ट्र के मूल्यों का लोकवृत्त रचयिता के तौर पर देखती हैं। अमृत राय इसी दौर में हिंदी में राष्ट्रवाद के बीज भी देखते हैं। लेकिन जब बीसवीं सदी के उत्तरार्ध को देखते हैं तो हिंदी नये रूप में सामने आती है। विशेषकर हिंदी पत्रकारिता राष्ट्रीयता के स्थानीयता की ओर उन्मुख होती है और राष्ट्रीय से स्थानीय होने की इस यात्रा में वह स्थानीय भाषाओं के तमाम शब्दों को ना सिर्फ स्वीकार करती है, बल्कि उन्हें अपनी प्रवृत्ति के अनुसार ढालकर स्थानीय संपर्क का जीवंत माध्यम बन जाती है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार और साहित्यालोचक ईएम फास्टर ने 1927 में ट्रिनिटी कॉलेज लंदन में कुछ व्याख्यान दिये थे। वे व्याख्यान 'आस्पेक्ट ऑफ नॉलेज' नाम से पुस्तक रूप में प्रकाशित हैं। हिंदी में इसका अनुवाद भी प्रकाशित है, 'उपन्यास के पक्ष'। इन्हीं में से एक व्याख्यान में फास्टर ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि वैश्विक होने के लिए स्थानीय होना जरूरी है। इसके जरिये फास्टर ने यह समझाने की कोशिश की है कि जिसकी जड़ें जितनी मजबूत होंगी, वही वैश्विक स्तर पर प्रभावकारी हो सकता है। भारतीय परंपरा में इसी तथ्य को बरगद के पेड़ के जरिये समझाया जाता है। कहा जाता है कि बरगद का पेड़ इसीलिए ज्यादा बड़ा, छतनार और विशाल होता है, क्योंकि उसकी जड़ें ज्यादा भी होती हैं और मजबूत भी। भारतीय अवधारणा हो या फिर फास्टर की प्रस्थापना, यह ना सिर्फ व्यक्तित्वों पर लागू होती है, बल्कि रचनाओं पर भी यह पूरी तरह फिट बैठती है। फास्टर ने जब यह प्रस्थापना दी थी, तब वैश्वीकरण का दौर नहीं था। भारत में उदारीकरण के बाद जिसे ग्लोबल विलेज यानी वैश्विक ग्राम की जो कल्पना की गई, उसकी कोई सोच भी नहीं थी। हालांकि भारतीय परंपरा इसे दूसरे रूप में हजारों साल पहले स्वीकार कर चुकी थी। 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा नई नहीं है। मध्यकाल में शुरू हुए यूरोपीय उपनिवेशवाद से दुनिया राजनीतिक तौर पर भले ही मुक्त हो गई, लेकिन इस औपनिवेशीकरण के अवशेष बौद्धिक स्तर पर बाकी रह गये। औपनिवेशीकरण से विकसित मानसिक गुलामी की ही वजह से भारतीय बुद्धिजीवियों में एक प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्हें अपने हर पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक दर्शन जहां दकियानूसी लगता रहा है, वहीं आधुनिकता के नाम पर उसी लोक सांस्कृतिक परंपरा जैसी पश्चिम की अवधारणाएं उसे कहीं ज्यादा वैज्ञानिक और ग्राह्य लगती रही हैं। भारतीय बौद्धिकों की औपनिवेशिक गुलामी की इस प्रवृत्ति को समाजवादी विचारक किशन पटनायक ने बखूबी समझा है। 1982 में प्रकाशित अपने एक निबंध में उन्होंने लिखा है, भारत का बुद्धिजीवी वर्ग अभी मानसिक स्तर पर दोगला ही रहेगा। लेकिन टोलियों में या व्यक्ति के तौर पर बुद्धिजीवी एक नई सभ्यता-निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हो सकता है। आखिर उन्हें यह स्थापना क्यों करनी पड़ी, इसे देखने के लिए बीसवीं सदी के नब्बे के दशक में लिखे उनके निबंध 'अयोध्या और उससे आगे' को देखना पड़ेगा। इसमें पटनायक ने लिखा है, यूरोप के बुद्धिजीवी, खासकर विश्वविद्यालयों से संबंधित बुद्धिजीवी का हमेशा यह रूख रहा है कि गैर यूरोपीय जनसमूहों के लोग अपना कोई स्वतंत्र ज्ञान विकसित न करें। विभिन्न क्षेत्रों में चल रही अपनी पारंपरिक प्रणालियों को संजीवित ना करें, संवर्धित ना करें। आश्चर्य की बात है कि कम्युनिस्ट बुद्धिजीवियों का भी यह रुख रहा, बल्कि अधिक रहा। साफ है कि चूंकि आधुनिक सभ्यता के सारे वैचारिक उत्स और आर्थिक सिद्धांत पश्चिम से ही अवतरित होते हैं, इसलिए कहा जा सकता है कि फास्टर ने स्थानीयता पर जोर देने का विचार तब दिया था, जब पश्चिम स्थानीय विचारों, संस्कृतियों और आर्थिकी को रौंद रहा था। हालांकि यूरोपीय उपनिवेशवाद के बाद स्थानीय संस्कृतियां और विचार उठने की प्रक्रिया में थीं या उठ खड़ी हुईं थीं।

**अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार और साहित्यालोचक ईएम फास्टर ने 1927 में ट्रिनिटी कॉलेज लंदन में कुछ व्याख्यान दिये थे। वे व्याख्यान 'आस्पेक्ट ऑफ नॉलेज' नाम से पुस्तक रूप में प्रकाशित हैं।**

**भाषा की बात**

### फोटो की दुनिया



### ट्वीट-ट्वीट




### फेसबुक वॉल से

**आर्थो तेल मलिए, व्हीलचेयर पर चलिए!**



## जिसने शुरू की नवाबों की विलासिता की परंपरा


कृष्ण प्रताप सिंह

***अवध*** में नवाबी का खात्मा हुए डेढ़ से ज्यादा सदियां बीत गईं, पर सूबे के नवाबों की विलासिता के किस्से हैं कि लोगों की जुबान से उतरते ही नहीं। इन किस्सों में ज्यादातर का निशाना ईस्ट इंडिया कंपनी से 11 फरवरी, 1856 को अपदस्थ और निर्वासित कर दिये गये वाजिद अली शाह हुआ करते हैं।

कहा जाता है कि वे इतने विलासी थे कि कंपनी की फौज उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची तो इंतजार करते रहे कि कोई सेवादार आकर उन्हें जूते पहनाये, तो बचने के लिए कहीं छिपें या भागें। ऐसा भी नहीं कि इस तरह की तोहमतें सिर्फ उन्हीं पर चस्पां की जाती हों और दूसरे नवाबों को बख्श दिया जाता हो। ये किस्से लगभग सारे नवाबों की ऐसी ही छवि गढ़ते हैं।

यह छवि लोगों के दिल व दिमाग पर गहराई से जमी हुई है। इतनी गहराई से कि लोग बड़े से बड़े इतिहासकार के मुंह से सुनकर भी इस तथ्य पर यकीन करने को तैयार नहीं होते कि नवाब आसफउद्दौला (1775-1797) से पहले इन नवाबों को विलासिता छू तक नहीं पाई थी। वे न सिर्फ राग-रंग से परहेज रखते थे बल्कि पराक्रमी भी थे। सचाई यह है कि उनमें से कई ने अपनी फौज को मुगलों की फौज से ज्यादा ताकतवर बना रखा था। तब ईस्ट इंडिया कंपनी की अपने दुस्साहस के लिए मशहूर फौज भी उनकी फौज से आमने-सामने की लड़ाई में उलझने से बचती थी।

22-23 अक्टूबर, 1764 को हुई बक्सर की ऐतिहासिक लड़ाई के बाद यह स्थिति बदल गई। क्योंकि उसमें कंपनी की फौज ने बंगाल के नवाब मीर कासिम, मुगल बादशाह शाहआलम द्वितीय और अवध के नवाब शुजाउद्दौला की फौजों का एक साथ मानमर्दन कर डाला था।

**नवाब आसफउद्दौला :** लेकिन शुजाउद्दौला का मनोबल वह तब भी नहीं तोड़ पाई थी और फैजाबाद स्थित अपनी नई राजधानी में वह आखिरी सांस तक अपनी फौज को अजेय बनाने में लगे रहे थे। इसके बावजूद कि विजय दंभ में डूबी कंपनी ने उनकी फौज की हद तय कर दी थी।

अवध पर केंद्रित अपनी महत्वपूर्ण किताब 'तारीख-ए-फरहतबख्श' में मुंशी फैज बख्श ने लिखा है कि उन मुश्किल दिनों में भी जल्दी भरने और फायर करने की दृष्टि से शुजाउद्दौला की फौज की बंदूकों के मुकाबले कंपनी फौज की बंदूकें किसी गिनती में नहीं थीं। निस्संदेह, अय्याशी का ऐब शुजाउद्दौला में भी था, लेकिन उसी में डूबे रहकर राजकाज को भगवान भरोसे छोड़ देने का मर्ज नहीं था। ऐश और इशरत के मर्ज में गर्क होकर नवाबी के बंटाधार का सिलसिला सच पूछिए तो उनके बेटे आसफउद्दौला के नवाब बनने के बाद शुरू हुआ। जब आसफउद्दौला अपनी राजधानी फैजाबाद से स्थानांतरित करके लखनऊ ले गये तो इतिहासकारों के अनुसार लखनऊ में ईस्ट इंडिया कंपनी के अफसर जल्दी ही आसफउद्दौला को घेरकर यह समझाने में सफल हो गये कि कंपनी से हुए करार के मुताबिक वह अपने राजपाट की सुरक्षा के प्रति निश्चिंत होकर आमोद-प्रमोद में मगन रह सकते हैं।

उर्दू के लोकप्रिय इतिहासकार अब्दुल हलीम 'शरर' ने लिखा है कि आसफउद्दौला को खुद भी फौज का ज्यादा 'शौक' न था। इसके विपरीत उन्हें मौज-मजे के लिए रुपयों की 'जरूरत' थी। इसलिए शुजाउद्दौला द्वारा फौज और लड़ाई की तैयारियों पर खर्च किया जाने वाला धन उन्होंने वैभव-विलास, सजावट और संपन्नता के दिखावे में खर्च करना शुरू कर दिया। फिर जल्दी ही उन्होंने लखनऊ में सारी दुनिया की धूम-धाम जमा कर ली, ताकि हैदराबाद के निजाम या मैसूर के टीपू सुल्तान किसी के भी दरबार का दबदबा, शान व शौकत उनके अवध दरबार से ज्यादा न हो। आसफउद्दौला अपनी रियाया के प्रति इतने दरियादिल थे कि वह 'जिसको न दे मौला, उसको दे आसफउद्दौला' जैसी कहावत कहने लगी थी। लेकिन दूसरी ओर उनका भोग-विलास भी रियाया के एक बड़ा हिस्से की 'प्रेरणा' बन गया था। इस 'प्रेरणा' का खुमार कुछ ऐसा था कि किसी को भी यह सोचने की मोहलत नहीं मिलती थी कि इसका अंजाम क्या होगा। विडंबना यह कि इसके बावजूद नवाबों की विलासिता के जितने ठीकरे वाजिद अली शाह पर फोड़े जाते हैं, आसफउद्दौला पर नहीं फोड़े जाते।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**जब आसफउद्दौला अपनी राजधानी फैजाबाद से स्थानांतरित करके लखनऊ ले गये तो इतिहासकारों के अनुसार लखनऊ में ईस्ट इंडिया कंपनी के अफसर जल्दी ही आसफउद्दौला को घेरकर यह समझाने में सफल हो गये...**

**बात नवाबों की**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कब्ज का रामबाण इलाज है आंवला





शारीरिक रुप से एक्टिव न होने के कारण, कम फाइबर युक्त पदार्थ, तले-भुने, नमकीन और मसालेवाले फूड्स का सेवन करने के कारण आजकल कब्ज जैसी समस्या बढ़ती जा रही है। यदि पेट अच्छे से साफ न हो तो शरीर में बैचेनी सी महसूस होती रहती है। इसके अलावा पेट में गैस, ब्लोटिंग, उल्टी, दस्त जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। एक्सपट्र्स के अनुसार, आप आंवले का सेवन कब्ज से राहत पाने के लिए कर सकते हैं।

## किस तरह कर सकते हैं आप आंवले का सेवन

### जूस या उबालकर खाएं आंवला

आप रोज सुबह खाली पेट 2 आंवले गर्म पानी में उबालकर या फिर उबले हुए आंवले का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा आप आंवले का जूस बनाकर भी पी सकते हैं।

### किस तरह कब्ज के लिए फायदेमंद हैं आंवला



आंवला में डाइट्री फाइबर पाया जाता है जो आंतों की सफाई करने में मदद करता है। एक शोध के अनुसार, आंवला और उसके पाउडर का पानी पीने से कब्ज की समस्या से राहत मिलती है। यह दस्त की समस्या दूर करने के साथ-साथ पेट की कई समस्याएं जैसे एसिडिटी, ब्लोटिंग, मतली और उल्टी, अपच, हर्ट बर्न, कोलेस्ट्रॉल जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी बहुत ही लाभदायक माना जाता है।

### इन परेशानियों में न करें आंवले का सेवन

- यदि आपको सांस या फेफड़े से संबंधित समस्याएं है तो आंवले का सेवन न करें।
- अगर आपको आंवला खाने के बाद बार-बार टॉयलेट जाना पड़ रहा है तो भी इसका सेवन न करें।
- पानी में आंवला पाउडर खाने से किसी भी तरह की एलर्जी या खांसी होती है तो भी इसका सेवन न करें।
- यदि आपको आंवला खाकर किसी तरह की एलर्जी है तो डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन न करें।

### गर्म पानी में मिलाएं आंवला पाउडर



इसके अलावा आप सुबह खाली पेट गर्म पानी में आंवले का पाउडर उबालकर इसमें शहद मिलाएं। इस मिश्रण का भी आप सेवन कर सकते हैं। इससे आपको कब्ज की समस्या से राहत मिलेगी।

### शहद में मिलाकर खाएं आंवला

दिन में 2-3 बार आप 1 चम्मच आंवला पाउडर में शहद मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। इससे आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रहेगा और आपको कब्ज जैसी समस्या से छुटकारा मिलेगा।



# मेथी के दाने बढ़ा सकते हैं बालों की ग्रोथ कम होगा हेयर फॉल

प्रोटीन और आयरन से भरपूर मेथी दाना बहुत सी बीमारियों के घरेलू इलाज में काम आता है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल, डायबिटीज, डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए मेथी दाना का इस्तेमाल किया जाता है। एक रिसर्च के मुताबिक मेथीदाना बालों की ग्रोथ और हेयरफॉल में मददगार है। इसका प्रयोग बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाता है। मेथी के दानें बालों के इन्फेक्शन्स और स्कैल्प एलर्जी से बचाव करने में फायदेमंद हैं। यह बालों से जुड़ी अन्य बहुत सी समस्याओं को दूर करते है। एक रिसर्च में साबित हुआ है मेथी के दानों का नियमित सेवन बाल गिरने की समस्या, कमजोर बालों और डैंड्रफ की परेशानी को दूर करने में असरदार है। मेथीदाना आपके बालों की जड़ों को स्ट्रांग बनाकर नए बालों को उगाने में सहायक है। यह बालों की चमक बढाकर बालों को सिल्की बनाने में हेल्प करता है।

### मेथी दाना हेयर स्प्रे

100 ग्राम मेथीदाना रात भर एक कप पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को छानकर किसी स्प्रे बॉटल में भर कर रख लें। इस पानी को बालों पर लगाएं। चार-पांच घंटे तक लगा रहने दें फिर साफ पानी धो दें। यह आपके बालों की चमक बढ़ाने के साथ ही बालों की ग्रोथ में इजाफा करेगा।

### आहार में मेथीदाना

रोजाना 50 ग्राम मेथीदाना को आहार में शामिल करने से बालों की सभी समस्याओं छुटकारा पाया जा सकता है। मेथीदानों को भोजन में सलाद के रूप में, मसालों के तौर पर और पाउडर के रूप में लिया जा सकता है। मेथी को रात भर भिगोकर रख दें और सुबह मेथी के दानें चबाकर खाएं और इसका पानी पी लें।

### हेयर फॉल के लिए मेथीदाना हेयर पैक

100 ग्राम मेथी दाना एक कटोरी पानी में रात भर के लिए भीगा कर रखें। सुबह इसमें करी पत्ता और गुड़हल के फूल की पत्तियां मिलाकर उबाल लें। अब इसको पीस कर पेस्ट बना लें इस पेस्ट को स्कैल्प और बालों पर लगाएं। घंटे भर तक लगा रहने दें फिर शैम्पू कर लें। यह हेयर पैक सप्ताह में एक दिन लगाएं। यह हेयर फॉल में फायदेमंद है।

### हेयर ग्रोथ और चमक के लिए मेथीदाना हेयर मास्क

50 ग्राम मेथीदाना रात भर पानी में भीगा कर रखें। सुबह इसे पीस कर पेस्ट बना लें। अब इसमें एक चम्मच कोकोनट मिल्क मिक्स करें। इस मास्क को स्कैल्प पर लगाएं और मसाज करें। 10 मिनट तक मसाज करने के बाद इसे 20 मिनट के लिए स्कैल्प पर लगा रहने दें। फिर शैम्पू कर लें, यह पैक हफ्ते में एक या दो बार लगा सकते हैं।

### मेथी बालों के लिए कैसे है फायदेमंद

- मेथी में प्रोटीन, निकोटिनिक एसिड पाया जाता है जो बालों को नरिश करता है।
- मेथी में लिसिथिन नामक फैट होता है जो बालों को मजबूती देता है।
- मेथी में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो स्कैल्प को डैंड्रफ से बचाते है जो हेयरफाल का कारण है।
- मेथी में एमोलेंट पाया जाता है जो स्कैल्प स्किन को मॉश्चराइज करता है और हेल्दी रखता है।
- मेथी में विटामिन सी, विटामिन के, फोलिक एसिड, आयरन और पोटेशियम जैसे जरुरी तत्व पाए जाते है जो बालों को स्वस्थ रखते हैं।

# सर्दियों में सर्दी -खांसी से निजात दिलाती है गुड़ की चाय

सर्दियों के दिनों में चाय का सेवन कई बार किया जाता है। ऐसे में चाय में चीनी का इस्तेमाल शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। लेकिन चीनी की जगह अगर आप गुड़ से बनी चाय का सेवन करें तो ये सेहत के लिहाज से फायदेमंद साबित होती है। गुड में विटामिन ए और बी, फास्फोरस, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, मैग्नेशियम आदि पाए जाते हैं।

**वजन कम होता है :** गुड़ की चाय फैट यानी चर्बी को कम करने में मददगार है। इसको नियमित तौर पर पीने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है।

**आयरन की कमी होती है दूर :** गुड़ में प्रचुक मात्रा में आयरन होता है और शरीर को आयरन की जरुरत होती है, क्योंकि यह शरीर के विभिन्न हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है।



**सर्दी और खांसी से मिलती है निजात :** गुड़ की चाय के सेवन से आप सर्दी-खांसी की समस्या से राहत पा सकते हैं। ठंड में सभी को ये बीमारियां लोगों को ज्यादा चपेट में लेती हैं।

**ब्लडप्रेसर रहता है नियंत्रण में :** गुड़ की चाय पीने से रक्तचाप भी नियंत्रण में रहता है। इससे ह्रदय रोगों के होने की संभावना कम रहती है।

**पेट के लिए फायदेमंद :** गुड़ की चाय पेट को साफ रखने में बहुत ही फायदेमंद है। इसे चाहे तो आप खाने के बाद इसका एक छोटा टुकड़ा खा सकते हैं।

**हड्डियों करता है मजबूत :** गुड़ में भरपूर मात्रा में कैल्शियम और फास्फोरस पाया जाता है, इसलिए गुड़ की चाय पीने से हड्डियों को मजबूती मिलती है।

# उड़द दाल और पालक की मदद से बनाएं टेस्टी बड़ा

बड़ा बनाने के लिए आपको पहले कुछ तैयारी करनी होगी। सबसे पहले उड़द की दाल को अच्छी तरह धोएं। अब आप इसे पानी में लगभग 4 घंटे के लिए भिगो दें। अब आप भीगी हुई दाल को फिर से धोकर ग्राइंडर जार में डालें और इसका एक मुलायम पेस्ट बना लें। वड़ा खाना अधिकतर लोगों को पसंद होता है। खासतौर से, जब ठंड का मौसम हो तो हम सभी कुछ ना कुछ गरमा-गरम खाने की इच्छा रखते हैं। ऐसे में वड़ा बनाना यकीनन एक अच्छा विचार है। चूंकि अब ठंड का मौसम है और इस मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियों को खाना बेहद ही अच्छा माना जाता है। तो ऐसे में आप भी वड़ा बनाते समय उसमें पालक को शामिल कर सकते हैं।

### दाल पालक वड़ा बनाने का तरीका-

वड़ा बनाने के लिए आपको पहले कुछ तैयारी करनी होगी। सबसे पहले उड़द की दाल को अच्छी तरह धोएं। अब आप इसे पानी में लगभग 4 घंटे के लिए भिगो दें। अब आप भीगी हुई दाल को फिर से धोकर ग्राइंडर जार में डालें और इसका एक मुलायम पेस्ट बना लें। अब आप एक बाउल में बारीक कटी हुई पालक डालें। साथ ही, इसमें प्याज व मिर्च डालकर मिक्स कर लें। अब आप इसमें उड़द दाल का तैयार बैटर, नमक, कसूरी मेथी, लहसुन, गरम मसाला, जीरा, सोडा व बेसन डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब आप एक कड़ाही में वड़ा तलने के लिए तेल डालें और तेल को गरम करें। अब आप आंच को मध्यम करके थोड़ा बैटर लें और इससे छोटी-छोटी लोइयां बना लें। आप इसे पलट-पलटकर अच्छी तरह क्रिस्पी होने तक तलकर तैयार कर लें। इसे एक प्लेट में पेपर टिश्यू बिछाकर उस पर वड़ा निकालें। आप बचे हुए बैटर से भी इसी तरह वड़ा बनाकर तैयार कर लें। आप इस वड़े को चटनी या सॉस के साथ गरमा-गरम सर्व करें।

### आवश्यक सामग्री

- एक चौथाई कप उड़द दाल
- आधा गुच्छा पालक
- एक मीडियम साइज प्याज
- 2 बड़े चम्मच बेसन
- 2-3 हरी मिर्च
- कुचला हुआ लहसुन
- आधा चम्मच कसूरी मेथी
- एक छोटा चम्मच जीरा
- 1/4 छोटा चम्मच गरम मसाला
- 1/2 छोटा चम्मच सोडा
- नमक स्वाद अनुसार
- तलने के लिये तेल

❖ मिताली जैन

# देश का अनोखा मंदिर जहां होती है रॉयल एनफील्ड बाइक की पूजा



जोधपुर से पाली के मार्ग में चोटिला गांव आता है, इस गांव की खासियत है यहां का ओम बन्ना मंदिर या फिर बुलेट बाबा मंदिर। इस मंदिर में मोटरसाइकिल Royal Enfield 350 की पूजा होती है। चोटिला गांव के साथ ही आस-पास के लोगों को भी बुलेट बाबा में विशेष आस्था है। इस मंदिर में मोटरसाइकिल को किसी देवता की तरह ही पूजा जाता है। हमारा देश चमत्कारों और आस्थाओं के लिए जाना जाता है। यहां आपको थोड़ी-थोड़ी दूरी पर प्राचीन मंदिर स्थापित मिलेंगे। इनमें कुछ तो नेता-अभिनेताओं के भी है। आज हम जिस मंदिर का जिक्र कर रहें हैं वह ना तो देवी-देवता का है और ना किसी नेता या अभिनेता का। इस मंदिर में एक मोटरसाइकिल विराजमान है जिसकी पूजा और दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। राजस्थान में स्थित इस मंदिर का नाम ओम बन्ना धाम है।

### ओम बन्ना धाम मंदिर की कहानी

इस मंदिर के पीछे कहानी है की ओम सिंह राठौड़ की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। पुलिस वालों ने घटनास्थल से बाइक हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया। दूसरे दिन बाइक पुलिस वालों ने देखा बाइक थाने में नहीं है। बहुत देर तलाश करने के बाद बाइक दुर्घटना वाली जगह पर मिली बाइक को पुलिस वाले दुबारा थाने लेकर आये। उस रात बाइक फिर से थाने से गायब हो गयी सुबह तलाश करने पर दुर्घटना वाली जगह पर मिली। पुलिस वाले बाइक को थाने लेकर आये। उस रात यह घटना फिर से हुई बाइक फिर से घटना वाली जगह से मिली। तब पुलिस वाले बाइक को थाने लेकर आये और बाइक की निगरानी करने लगे, रात में पुलिस वाले यह देखकर चौंक गए कि बाइक खुद स्टार्ट हो रही थी और स्टार्ट होकर दुर्घटना वाली जगह पर पहुँच गई। इस घटना के बाद बाइक को ओम सिंह के घरवालों को सौंप दिया गया।

### पिता ने बनवाया मंदिर

इस घटना के बाद ओम सिंह के पिता ठाकुर जोग सिंह राठौड़ ने पुत्र के नाम का मन्दिर बनवा दिया। यह मंदिर काफी लोकप्रिय है इसे बुलेट बाबा मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है जब से इस मंदिर का निर्माण हुआ है तब से यहां कोई सड़क दुर्घटना नहीं हुई है। गाओं वालों की मान्यता है बुलेट बाबा उनकी रक्षा करते हैं और सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं।

### मंदिर में चढ़ाई जाती है शराब

ओम बन्ना मंदिर में लड्डू या किसी अन्य मिठाई नहीं बल्कि शराब का भोग लगाया जाता है। प्रसाद रूप में भी शराब ही वितरित की जाती है।

### कहां है ओम बन्ना मंदिर

ओम बन्ना मंदिर राजस्थान के जोधपुर से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित पाली शहर के नजदीक चोटिला गांव में है।

# एक्सरसाइज के दौरान होने वाली ये गलतियां बन सकती हैं सर्वाइकल पेन की वजह

फिट और हेल्दी रहने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट डेली वर्कआउट की सलाह देते हैं । लेकिन वर्क आउट के दौरान हम कुछ सामान्य सी बातें नजरअंदाज कर देते हैं। एक्सरसाइज के दौरान की जाने वाली ये छोटी-छोटी गलतियां कई तरह की सेहत से जुड़ी दिक्कतों का कारण बनती हैं। जिसमें सर्वाइकल पेन की प्रॉब्लम सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। नियमित एक्सरसाइज खुद को सेहतमंद रखने के लिए की जाती है। कुछ लोग एक्सरसाइज के बाद बॉडी पेन, स्पेशली गर्दन में दर्द से परेशान रहते हैं। इसकी वजह से आपको बहुत सी परेशानियां जैसे कंधों का, दर्द चक्कर आना, जैसी प्रॉब्लम्स हो जाती हैं। यदि वर्क आउट करते हुए आपका पोश्चर सही नहीं है या आप क्षमता से अधिक वजन उठाते हैं तो आपको सर्वाइकल पेन की दिक्कत हो सकती है। सर्वाइकल रीढ़ की हड्डी का ऊपरी का हिस्सा होता है जिससे सिर को सहारा मिलता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार इन गलतियों को दूर करके सर्वाइकल के अनचाहे दर्द से बचा जा सकता है।



**एक्सरसाइज के दौरान होने वाली गलतियां :** एक्सरसाइज के दौरान ज्यादा वजन उठाने से या सिर को गलत तरीके से झुकाने या स्ट्रेच करने से भी सर्वाइकल पेन हो सकता है।

**डम्बल पुल ओवर में गलती :** डम्बल पुल ओवर चेस्ट वर्क आउट है, इसमें ट्राइसेप्स, छाती और डेल्टॉइड्स की एक्सरसाइज की जाती है। डम्बल को पुल करते समय गर्दन को बेंच का स्पोर्ट दें और गर्दन को बेंच से ज्यादा ना झुकाएं।

**बारबेल बेंट ओवर में गलती :** बारबेल एक्सरसाइज करते हुए कई बार गर्दन की हड्डियों का पोश्चर बिगड़ जाता है। इसलिए बारबेल बेंट ओवर करते समय रीढ़ की हड्डी और गर्दन की दिशा को सही रखें। अक्सर इस एक्सरसाइज के दौरान नजर सामने होती है और गर्दन का झुकाव पीछे की ओर हो जाता है जिससे रीढ़ की हड्डी पर अनावश्यक जोर पड़ता है। बारबेल बेंट पैर और कमर को बैलेंस रखने के लिए किया जाता है।

**रियर लेट पुल डाउन में गलती :** रियर लेट पुल डाउन में गर्दन को पीछे की ओर स्ट्रेच करना होता है। कई बार रियर लेट पुल डाउन के दौरान गर्दन ज्यादा स्ट्रेच हो जाती है जिससे सर्वाइकल पेन की परेशानी शुरू हो जाती है। यह बैक एक्सरसाइज है जिससे कमर को मस्कुलर बनाया जाता है। रियर लेट पुल डाउन के दौरान गर्दन का पोश्चर सही रखें।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आय में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। बाहर जाने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**वृष राशि :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जीवन सुखमय गुजरेगा।

**मिथुन राशि :** लोगों के व्यवहार से आत्मसम्मान बना रहेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क राशि :** व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी कार्य से प्रसन्न रहेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह राशि :** बोलचाल में ध्यान रखें कि किसी का सम्मान कम न हो। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में गति बनी रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है।

**कन्या राशि :** मान-सम्मान मिलेगा। डूबी हुई रकम थोड़े प्रयास से ही प्राप्त हो सकती है। व्यापार में वृद्धि के आसार नजर आएंगे। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**तुला राशि :** नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक राशि :** व्यवसाय वृद्धि के योग हैं। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। बिगड़ते कार्यों में पूर्णता आएगी।

**धनु राशि :** नए काम मिल सकते हैं। नए मित्र बनेंगे। व्यापार से लाभ बढ़ेगा। नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी। चिंता रहेगी।

**मकर राशि :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपके कार्य से उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। काम में मन लगेगा।

**कुंभ राशि :** मनपसंद भोजन का आनंद उठा पाएंगे। व्यापार में उन्नति होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। थकान रह सकती है। आराम का समय नहीं मिलेगा। आय बनी रहेगी।

**मीन राशि :** आय में निश्चितता रहेगी। उच्चाधिकारी की नाराजी झेलना पड़ सकती है। धनहानि के योग हैं। लेन-देन में सावधानी बरतें। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बोलचाल में सावधानी बरतें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# भारत गरीब और विकासशील देशों की आवाज उठाता रहेगा : पीएम मोदी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विकासशील और अविकसित देशों के मंच वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दक्षिण के देशों की आवाज दुनिया के मंचों पर उठाता रहेगा। जी-20 देशों के समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय ऑनलाइन सम्मेलन में 120 देशों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक मंत्री स्तरीय सत्र होंगे जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर वैश्विक संस्थाओं में सुधार के एजेन्डे पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य जी-20 के एजेन्डे में विकासशील देशों की चिंताओं और प्राथमिकताओं को स्थान दिलाना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन सत्र में कहा कि भारत का उद्देश्य दक्षिण की आवाज को बुलंद करना है और उनकी आवाज भारत की आवाज है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा ही विश्व के दक्षिण के देशों के अपने भाइयों के साथ अपने विकास संबंधी अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने कहा : विकास संबंधी हमारी साझेदारी में दुनिया के हर क्षेत्र के देश और विविध प्रकार के विषय शामिल है। भारत ने इस वर्ष जी-20 समूह की अध्यक्षता संभाली है और भारत का उद्देश्य दक्षिण की आवाज को उठाना है। आज दुनिया के सामने



उठ रही समस्याओं के लिए विश्व के दक्षिणी देश (विकासशील और अल्प विकसित देश) जिम्मेदार नहीं है, लेकिन उनका सबसे अधिक दुष्परिणाम उन्हें उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में उन्होंने कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और यूरोप के युद्ध जैसी घटनाओं के प्रभाव का जिक्र किया। भारत और अन्य विकासशील देशों ने उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में एक दूसरे का साथ दिया और आज फिर से एक ऐसी नयी विश्व व्यवस्था बनाने के लिए एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं जो हमारे नागरिकों के कल्याण को सुनिश्चित करे। दक्षिण के देशों को भारत का समर्थन है। आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं है। उन्होंने विश्व की समस्याओं के समाधान के लिए देशों के सामर्थ्य के अनुसार साझी जिम्मेदारी तय करने का सिद्धान्त अपनाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## उत्तर भारत में भीषण ठंड का पीक आना अभी बाकी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

उत्तसर भारत में ठंड की पीक अभी शेष ही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि दिल्ली ने पिछले 23 वर्षों में तीसरी सबसे भीषण ठंड का सामना किया है। अब एक मौसम विशेषज्ञ ने भविष्यवाणी की है कि अगले सप्ताह मैदानी इलाकों में तापमान -4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। लाइव वेदर ऑफ इंडिया के संस्थापक नवदीप दहिया ने ट्वीट कर बताया कि उत्तर भारत में 14 से 19 जनवरी के बीच कड़ाके की ठंड पड़ सकती है और 16 से 18 जनवरी के बीच इसके चरम पर रहने की संभावना है। उधर, आईएमडी ने कहा कि दिल्ली और इसके पड़ोसी राज्यों में शनिवार से शीतलहर की स्थिति बनने की संभावना है।

# आर्मी चीफ पांडे बोले : चीन सीमा पर हमारी पूरी तैयारी



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने यहां सालाना प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति कंट्रोल में है। चीन से सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार बातचीत हो रही है। स्थिति बिल्कुल नियंत्रण में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की सेना हर मुश्किल, हर हालत से निपटने के लिए तैयार है। उत्तरी सीमा पर हालात इस वक्त बिल्कुल स्थिर हैं, हालांकि ये अप्रत्याशित हैं। चीन के साथ हुई बातचीत में 7 में से 5 मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। हमने सैन्य और राजनयिक दोनों स्तरों पर बात करना जारी रखा है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हमारे पास पर्याप्त भंडार है। राजौरी घटना पर पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए जनरल मनोज पांडे ने कहा : हमारे दुश्मन टारगेट किलिंग कर रहे हैं। पीर पंजाल रेंज के दक्षिण में अल्पसंख्यकों के खिलाफ टारगेट किलिंग हो रही है। पीर पंजाल के दक्षिण यानि जम्मू-क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश ज्यादा हो रही है। ड्रोन की घुसपैठ को बीएसएफ और सेना दोनों मिलकर रोक रही हैं। जैमर्स खरीदे गए हैं। ये फायदेमंद साबित हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में हुए सीजफायर पर उन्होंने कहा कि यहां भी स्थिति बिल्कुल नियंत्रण में है। हालांकि, सीमा पार से आतंकवाद को पूरा समर्थन मिल रहा है। इसके बावजूद हिंसक घटनाओं में भारी कमी दर्ज हुई है।

जोशीमठ से संबंधित पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सेना ने अस्थाई तौर पर जवानों को स्थानांतरित किया है। अगर जरूरत पड़ी तो हम औली में अपने जवानों को स्थाई तौर पर तैनात करेंगे। जोशीमठ से माणा जानेवाली रोड पर कुछ दरारें हैं, जिसे बीआरओ ठीक कर रहा है। इससे हमारी ऑपरेशनल रेडीनेस पर कुछ असर नहीं पड़ा है। जहां तक स्थानीय लोगों को मदद पहुंचाने की बात है तो हमने अपने अस्पताल, हेलीपैड आदि सिविल प्रशासन को दिए हैं, जिससे वे लोगों को अस्थाई तौर पर लोगों को स्थानांतरित कर सकें।

## NEWS इन ब्रीफ

### मोदी ने स्वामी विवेकानंद को जयंती पर किया नमन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया। मोदी ने ट्वीट कर कहा : स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर सादर नमन। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, आध्यात्मिकता और कर्मठता के लिए सदैव प्रेरित करता है। उनके महान विचार और आदर्श देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### नूपुर शर्मा को मिला हथियार का लाइसेंस

**नयी दिल्ली।** भाजपा से निलंबित नेता नूपुर शर्मा को हथियार रखने का लाइसेंस मिल गया है। नूपुर शर्मा ने अपनी जान को खतरा बताते हुए गन लाइसेंस के लिए अर्जी दी थी। पैगंबर मोहम्मद विवाद के बाद से उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। नूपुर शर्मा के खिलाफ 8 राज्यों में 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया।

### भाजपा नेता घूस लेते कैमरे में कैद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को एक वीडियो जारी करते हुए आरोप लगाया कि आगरमालवा जिले में भारतीय जनता पार्टी का एक स्थानीय नेता पांच लाख रुपए की रिश्वत ले रहा है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने ट्वीट के जरिए लगभग 50 सैकंड का एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि आगर में भाजपा मंडल अध्यक्ष, आत्महत्या के मामले में आरोपी से पांच लाख रुपए लेते कैद। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों में हाल ही में कानून व्यवस्था से जुड़ी कुछ घटनाओं का भी जिक्र किया और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

### विवेकानंद का 'भारत जोड़ो' संदेश आज भी प्रासंगिक : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वामीजी ने 'भारत जोड़ो' का संदेश दिया था, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक बना हुआ है। खड़गे ने अपने संदेश में कहा : विवेकानंद जी भारतीय मूल्यों के प्रतीक और हमारे युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज थे। स्वामी जी के विचारों और आदर्शों को श्रद्धांजलि के रूप में राजीव गांधी ने इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था।

# गैस सिलिंडर फटा, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**एजेंसी। पानीपत**



पानीपत के बिचपड़ी चौक इलाके में गुरुवार की सुबह खाना बनाते समय रसोई में गैस सिलिंडर फटने से लगी आग की चपेट में आकर पति-पत्नी और उनके चार बच्चों की जिंदा जलने से मौत हो गई। राधा फैक्ट्री वाली गली नंबर- 4 में जयभगवान के मकान के ऊपरी मंजिल में पश्चिम जिला उत्तर दिनादपुर, ग्राम गैंबल, पश्चिम बंगाल निवासी अब्दुल करीम उम्र और अपनी पत्नी अफरूजा अपनी 20 साल व 17 साल की बेटियों तथा 12 साल व 10 साल के बेटों के साथ किराए पर रह रहा था। पति -पत्नी पास की ही एक फैक्ट्री में काम करते थे। फैक्ट्री जाने से पहले सुबह करीब छह बजे अफरूजा कमरे के अंदर रखे गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी बीच लीकेज के चलते सिलिंडर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर सिलिंडर फट गया और पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि रसोई में काम कर रही अफरूजा के अलावा पास ही चारपाई पर सो रही उनकी दोनों बेटियों और दोनों बेटों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। अब्दुल करीम ने अपने परिवार को बचाने की भरसक कोशिश की, मगर वह भी आग की चपेट में आ गया। आग लगी देखकर पड़ोसी उन्हें बचाने के लिए कमरे की ओर दौड़े, लेकिन किसी को भी बचाया नहीं जा सका। बताया जाता है कि अब्दुल करीम इस मकान में करीब डेढ़ साल से रह रहा था।

# पाकिस्तान पर मंडरा रहा भुखमरी का खतरा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) पाकिस्तान को जीने की बढ़ती लागत के बीच भुखमरी के एक बड़े खतरे का सामना करते हुए देख रहा है। इसने चेतावनी दी है कि यह प्राकृतिक आपदाओं और बाधित आपूर्ति से और बढ़ सकता है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के बारे में, रिपोर्ट बताती है कि मौसम संबंधी प्राकृतिक आपदा और बाधित आपूर्ति का संयोजन लाखों लोगों के लिए भुखमरी के मौजूदा संकट को एक विनाशकारी परिध्श्य में ले जा सकता है। ऊर्जा की कमी मौसमी आपदा के साथ संयुक्त होने पर व्यापक ब्लैकआउट और घातक परिणाम हो सकते हैं।

## अफगानिस्तान में आत्मघाती विस्फोट, पांच लोगों की मौत

**काबुल।** काबुल में अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के बाहर बुधवार शाम करीब चार बजे एक आत्मघाती बम हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह की खुरासान इकाई ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार के अनुसार, आत्मघाती हमलावर ने मंत्रालय परिसर में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा। इस क्षेत्र में कई देशों के दूतावास हैं, जिनमें चीन और तुर्की शामिल हैं।

# दिग्गज नेता शरद यादव का निधन

**नई दिल्ली।** दिग्गज समाजवादी नेता शरद यादव का 75 साल की उम्र में गुरुवार की रात निधन हो गया। उनकी बेटी सुभाषिनी यादव ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, 'पापा नहीं रहे।' शरद यादव चार बार बिहार के मधेपुरा सीट से सांसद रहे हैं। वे जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के अध्यक्ष के साथ केंद्र में मंत्री भी रह चुके हैं। पूर्व मंत्री की तबीयत बिगड़ती जा रही थी और उन्हें गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बयान जारी कर कहा कि शरद यादव को अचेत और अनुत्तरदायी अवस्था में फोर्टिस में आपात स्थिति में लाया गया था। जांच करने पर उनकी कोई पल्स या रिकॉर्डेबल ब्लड प्रेशर नहीं था। एसीएलएस प्रोटोकॉल के तहत उनका सीपीआर किया गया। सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, उन्हें बचाया नहीं किया जा सका और रात 10 बजकर 19 मिनट पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**पीएम मोदी ने जताया दुख**

पीएम मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए ट्वीट किया: शरद यादव के निधन से बहुत दुख हुआ। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने खुद को सांसद और मंत्री के रूप में प्रतिष्ठित किया। वे डॉ. लोहिया के आदर्शों से काफी प्रभावित थे। मैं हमेशा हमारी बातचीत को संजो कर रखूंगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं, शांति।

**लोकसभा स्पीकर ने जताया शोक**

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शरद यादव के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि, ₹वरिष्ठ राजनेता, पूर्व सांसद शरद यादव जी के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। वे विलक्षण प्रतिभा वाले महान समाजवादी नेता थे जिन्होंने वंचितोंझशोषितों के दर्द को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका निधन समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति है। परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

**तेजस्वी यादव ने भी किया ट्वीट**

आरजेडी के नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर शरद यादव के निधन पर दुख जताया है।

## FILMY हलचल

# 'कठपुतली' 2022 में सबसे ज्यादा देखी जानेवाली फिल्म

**एजेंसी। मुंबई**

अक्षय कुमार और रकुल प्रीत सिंह की क्राइम थ्रिलर फिल्म 'कटपुतली' 2022 की सबसे ज्यादा देखी जानेवाली फिल्म बन गई है। मीडिया कंसल्टिंग फर्म ऑरमैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, डिजनी प्लस हॉटस्टार ने वर्ष 2022 के लिए सबसे अधिक स्ट्रीम की जाने वाली फिल्मों और श्रृंखलाओं की सूची का नेतृत्व किया, जिसमें पूजा एंटरटेनमेंट की 'कटपुतली' का शासन था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग 'कटपुतली' 26.9 मिलियन व्यूज के साथ सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी फिल्म थी। फिल्म में सरगुन मेहता, जोशुआ लेक्लेयर, चंद्रचूर सिंह और हर्षिता भट्ट भी हैं। ऑरमैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ग्राउंड-ब्रेकिंग कंटेंट क्रिएशन में, पूजा एंटरटेनमेंट जैसे ठोस बैकर्स की मदद से, डिज्नी प्लस हॉटस्टार 2022 में भारत में हिंदी भाषा के ओटीटी मूल दर्शकों की संख्या का नेतृत्व करने में सक्षम था। प्लेटफॉर्म ने शीर्ष 15 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले मूल शो और फिल्मों में से सात को स्ट्रीम किया और कटपुतली सूची में सबसे आगे है। 2023 में, पूजा एंटरटेनमेंट के पास 'गणपथ', 'कैप्सूल गिल', 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'कर्ण' हैं।



## अंशुमान झा ने पुरानो से दिनेर कोठा गाने के लिए घटाया अपना वजन

**एजेंसी। मुंबई**

अभिनेता अंशुमान झा ने रवींद्रनाथ टैगोर क्लासिक 'पुरानो से दिनेर कोठा' गाने के लिए अपना वजन कम कर लिया है। वो फिलहाल अपनी फिल्म 'लकड़बग्घा' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वजन कम होने के कारण अंशुमान गाने में काफी यंग नजर आ रहे हैं, ठीक 19 साल के। उसी के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मैंने फ्लैशबैक दृश्य के लिए कुछ मांसपेशियों के वजन को बढ़ाने और इसे खोने की चुनौती का आनंद लिया, जहां मुझे 19 साल का दिखने की जरूरत है। जहां दिमाग बिना किसी डर के हो और सिर ऊंचा हो-टैगोर मेरे लिए एक नायक हैं। मुझे लगता है कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम शब्दकारों के शब्दों को वापस लाएं। फिल्म के निर्देशक, विक्टर मुखर्जी ने कहा, अंशुमन को इस तरह सिकुड़ते देखकर हम सभी हैरान हैं।

## विशाल भारद्वाज ने करियर की सबसे रोमांचक फिल्मों में से एक दी : अर्जुन



अर्जुन कपूर हिंदी फिल्म उद्योग के दो बेहतरीन निर्माताओं, विशाल भारद्वाज और लव रंजन धके साथ काम करके खुद को भाग्यशाली मानते हैं, जो एक अभिनेता के रूप में उनका समर्थन कर रहे हैं। अर्जुन ने कहा, मैं विशाल भारद्वाज और लव रंजन का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उन दोनों ने निर्माता के रूप में एक फिल्म बनाने के लिए सहयोग किया है, जिसमें मैं अभिनय कर रहा हूं। यहां मैं उम्मीद कर रहा था कि वे मुझे भी जल्द निर्देशित करेंगे। उन्होंने आगे कहा : मुझे लगता है कि यह हमेशा रोमांचक होता है जब आप अलग-अलग व्यक्तियों के साथ काम करते हैं।

## माधुरी दीक्षित को इंडियन आइडल-13 की कंटेस्टेंट में नजर आती है एक्ट्रेस

**एजेंसी। मुंबई**



बॉलीवुड सुपरस्टार माधुरी दीक्षित ने कहा कि इंडियन आइडल 13 की प्रतियोगी बिदिप्ता चक्रवर्ती अभिनेत्री बनने में सक्षम हैं और उन्होंने उनसे अपनी फिल्म 'दिल तो पागल है' का एक सीन करने को कहा। माधुरी ने कई हिट फिल्में दी हैं और वह अपने डांसिंग स्किल्स के लिए भी जानी जाती हैं। वह प्रशिक्षित कथक डांसर हैं और उन्होंने तेजाब, परिंदा, अंजाम, हम आपके हैं कौन, कोयला, पुकार जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 'द फेम गेम' के साथ अपना वेब डेब्यू किया और वह डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 10' के जजों के पैनल में भी देखी गईं। माधुरी सेलिब्रेटिंग माधुरी दीक्षित नेने एपिसोड के लिए सिंगिंग रियलिटी शो में आईं और बिदिप्ता के ट्रैक एक दो तीन, तू शायर है और हमको आजकल है इंतजार के परफॉर्मेंस का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा : बिदिप्ता एक शानदार गायिका है और जिस तरह से वह आंखों के संपर्क के साथ प्रदर्शन करती है वह एक बहादुर काम है जो हर किसी को उनकी मधुर आवाज की ओर खींचता है। माधुरी ने यह भी कहा कि उनमें एक अभिनेत्री बनने की क्षमता है और उन्होंने अपनी हिट फिल्म 'दिल तो पागल है' का एक सीन करने को कहा, जिसमें सुपरस्टार शाहरुख खान और करिश्मा कपूर भी थे।

## पत्रकारिता सार्क जर्नलिस्ट फोरम के प्रतिनिधिमंडल का आईआईएमसी दौरा

# स्वामी विवेकानंद ने एक एशिया का कांसेप्ट दिया

**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

सार्क देशों के पत्रकार संगठन सार्क जर्नलिस्ट फोरम (एसजेएफ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जन संचार संस्थान का दौरा किया। भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि देशों से आये ऐसे तीस से अधिक प्रतिनिधियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।



इस अवसर पर आईआईएमसी के प्रो. गोविंद सिंह, डीन-अकादमिक, डॉ. मीता उज्जैन, पाठ्यक्रम निदेशक-विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग सह आचार्य डॉ. पवन कौंडल, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा शर्मा व विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रो. संजय द्विवेदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनका स्मरण करते हुए कहा कि वह पहले ऐसे विचारक थे, जिन्होंने एक एशिया की अवधारणा प्रस्तुत की। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि जब एक एशिया बनेगा, तभी इस क्षेत्र की शांति, अखंडता, विकास, समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम सबका एक ही इतिहास है और आज भी हम सब एक जैसी संस्कृति, खानपान, रहन-सहन साझा करते हैं। यही हमारी ताकत है। सांस्कृतिक रूप से एक होकर ही हम पाश्चात्य संस्कृति के अतिक्रमण को रोक सकते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### मारवाड़ी सहायक समिति साधारण सभा की बैठक 15 को

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कार्यकारिणी के नियमानुसार 15 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से मारवाड़ी भवन में होगी। मारवाड़ी सहायक समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया ने बताया कि आम बैठक में सचिव का वार्षिक प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष द्वारा वर्ष 2021- 22 के अंकेक्षित आय-व्यय का ब्यौरा, अंकेक्षक की नियुक्ति, संविधान को झारखंड सोसाइटी एक्ट में निबंधन पर निर्णय, तथा अन्य आगत प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

**रांची।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन हिनू चौक, इंद्रपुरी चौक, सुजात चौक, बिरसा चौक पर यातायात पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा प्लेकार्ड के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। संदेशों के माध्यम से उनसे सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता बनने की अपील की गई।

### डाटा प्रबंधन कार्यालय का किया गया उद्घाटन

**रांची ।** गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में डाटा प्रबंधन कार्यालय का उद्घाटन हुआ। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश केंद्रीय टीम की प्रीति गांधी , शिप्रा रजनी , पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान श्री प्रकाश और अन्य नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में डाटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला को भी संबोधित किया।

### रांची में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ डीसी व एसएसपी ने किया

# जागरूक करने के लिए रथ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत रांची समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया गया। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, अपर समाहर्त्ता राजेश बरवार, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी और पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार 11-17 जनवरी 2023 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके आलोक में जागरूकता हेतु प्रतिदिन सड़क सुरक्षा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।उपायुक्त ने कहा कि शहरों के विकास, बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ वाहनों की संख्या में भी दिन-ब-दिन बढ़ोतरी हो रही है। इससे सड़क हादसे भी हो रहे हैं और लोगों की जान भी जा रही है। इसके लिए जरूरी है कि वाहन चालकों और सड़क पर चलने वाले लोगों को ट्रैफिक से संबंधित नियम एवं कानून की जानकारी हो, लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ अच्छा माध्यम है। मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भी कई कानून बनाए गए हैं। जैसे हिट एंड रन के मामले में 200000 का मुआवजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बहुत सारे लोगों को यह जानकारी नहीं है कि इस प्रकार की दुर्घटना होने पर किस तरह से आवेदन करना है और कैसे लाभ प्राप्त करना है, जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को इससे संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने और दुर्घटना से प्रभावित लोगों को समय पर चिकित्सा लाभ मिले इसके लिए नए नियम और रिलैक्सेशन भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गोल्डन ऑवर में (सड़क दुर्घटना के बाद 1 घंटे का समय) सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से किसी तरह की पूछताछ नहीं होती है, साथ ही गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वालों को 2000 भी दिये जाने का प्रावधान है।

## युवा दिवस पर वृद्धाश्रम में 40 महिलाओं को दिया खाद्य सामग्री

**रांची।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में 40 महिला- पुरुषों के लिए खाद्य सामग्री और उनकी जरूरत का सामान बांटा। मंच के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मंच स्वामी विवेकानंद की विचारधारा पर चलने का प्रयास कर रहा है। आने वाले समय में मंच के सभी सदस्य सामाजिक काम करेंगे। साथ ही युवाओं को स्वामी विवेकानंद के रास्ते पर चलाने का प्रयास करेंगे। मंच के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष ने कहा कि युवाओं को एकजुट होकर संस्कार में चलना होगा। नशे की चपेट में आ रहे युवाओं को जल्द से जल्द इसे छोड़ कर अच्छे कामों में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा चाहे तो देश की दशा और दिशा बदल सकते हैं।

# सरला बिरला स्कूल में विवेकानंद व बीके बिरला को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रज्ज्वलित करने के उद्देश्य से प्रेरणादायी संदेश प्रस्तुत किए। विद्यालय के पथ-प्रदर्शक श्री बसंत कुमार बिरला की भी जयंती मनाई गई। युवा दिवस का महत्व बताते हुए स्वामी विवेकानंद और श्री बसंत कुमार बिरला जी से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने अपने युवा प्रेरणा स्त्रोत को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने इन महान हस्तियों के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने स्वामी विवेकानंद और श्री बसंत कुमार बिरला के महान विचारों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

# अपराधियों के डाटाबेस को सुदृढ़ करने की तैयारी में झारखंड पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपराध के बदलते तौर तरीकों के साथ-साथ इससे निपटने के लिए हाईटेक तौर तरीकों और अपराधियों के डाटाबेस को सुदृढ़ करने की तैयारी झारखंड पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस के द्वारा डीएनए सैंपलिंग प्रोफाइल के साथ साथ अपराधी के बोलचाल में इस्तेमाल किए जाने वाले तकिया कलाम से लेकर फिंगर से लेकर लेग की प्रिंट तक ली जाएगी। वहीं 43 अहम बिंदुओं पर आरोपी का डाटाबेस तैयार करना होगा। राज्य के सभी 24 जिलों व दो रेल पुलिस के जिलों में क्रिमिनल वैरिफिकेशन डिटेल्स तैयार करने पर काम शुरू हो गया है। इसकी जिम्मेदारी सीआईडी मुख्यालय को दी गई है। राज्य में यौन अपराध के किसी भी मामले में आरोपी गिरफ्तार होगा तो उसकी डीएनए प्रोफाइलिंग तैयार की जाएगी। वहीं ऐसे किसी अपराध में जिसमें सात साल से अधिक सजा का प्रावधान हो, पुलिस के लिए आरोपी का डीएनए प्रोफाइल तैयार करना जरूरी होगा।

**प्रत्यके मामले में किन किन बिंदूओं पर जानकारी लेगी पुलिस :** केस नंबर, थाना, अपराधी का नाम, उम्र, जन्मदिन, पिता का नाम, पिता की उम्र, पिता की स्टेट्स, दो आइडेंटिफिकेशन मार्क, क्रिमिनल स्टेट्स, ईमेल आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन नंबर, पोस्ट आफिस एकाउंट, एलआईसी या हेल्थ इंश्योरेंस की जानकारी, फेसबुक व अन्य की पूरी जानकारी, अपराधी का वर्तमान व स्थायी पता, जन्म से अबतक का निवास स्थान, मैरिट्स स्टेट्स, पत्नी का गर्लफ्रेंड की जानकारी, खाने की आदत, धर्म, बीमारी, वाहन चलाने का ज्ञान, मोटरगाड़ी का नंबर, बैंक खातों की जानकारी, जमीन की जानकारी, पेशा, कोई खास विशेषज्ञता हो तो उसकी जानकारी, बिजनेस फर्म की जानकारी, आपराधिक इतिहास, स्वीकारोक्ति बयान, सहयोगी व पारिवारिक सदस्यों की हो पूरी जानकारी।

## युवा अपनी शिक्षा का प्रयोग समाज और देश के नवनिर्माण में करें

**रांची।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। आज के युवा देश के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। युवा ही देश के भविष्य हैं। युवा अपनी शिक्षा का प्रयोग समाज और देश के नवनिर्माण में करें। वे गुरुवार को रांची के बड़ा तालाब स्थित स्वामी विवेकानंद प्रतिमा स्थल पर युवा दिवस पर आयोजित राज्य युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। हफीजुल हसन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरक हैं। वहीं, विभाग के सचिव मनोज कुमार ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के जीवन, कार्यशैली, चेतना और आदर्श से प्रेरणा लें।

# एक्सआईएसएस में मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम व मौद्रिक नीति पर सेमिनार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एक्सआईएसएस में वित्तीय समावेशन और मौद्रिक नीति पर जीएम, आरबीआई द्वारा व्याख्यान जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्रामने वित्तीय समावेशन और मौद्रिक नीति पर एक सेमिनार का आयोजन अपने परिसर में गुरुवार को किया। श्री संजीव सिन्हा, महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), रांची इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने श्रोताओं को वित्तीय समावेशन और भारत की मौद्रिक नीति के बारे में जानकारी दी। छात्रों को



संबोधित करते हुए, श्री सिन्हा ने कहा, कि आरबीआई मुख्य रूप से मूल्य स्थिरता और विकास के साथ-साथ देश की वित्तीय स्थिरता पर काम करता है। आरबीआई लोगों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने और बैंकिंग प्रणाली में वित्तीय समावेशन के उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जब हम वित्त को समझने लगते है, तो हमारा पहला प्रश्न होता है कि मौद्रिक नीति और मुद्रास्फीति का भार हम क्यों उठाये? इसी विषय पर आरबीआई प्रयास कर रही है कि, वित्तीय समावेशन को बढ़ाने हेतु लोगों को आर्थिक जानकार बना सके और साथ ही बैंकिंग सिस्टम को अधिकाधिक इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## पृष्ठ एक के शेष

**पीसीआर वेन ने युवक को...**

पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेजा दिया। जहां से शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि सबसे बड़ी बात यह कि घटना के बाद पीसीआर वाहन संजय को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गये। जबकि पीसीआर वैन की तैनाती सड़क दुर्घटनाओं के बाद जख्मी को अस्पताल लाने के लिए ही की गई है। लेकिन पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य को ही भूल गए है। घटना को लेकर आस -पास के लोगों में भारी आक्रोश है। घटना के बाद पुलिस अधिकारी पेट्रोलिंग में शामिल जवान और ड्राइवर से पूछताछ कर रहे हैं। हादसे के आरोपी ड्राइवर को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं परिजनों द्वारा पीसीआर के ड्राइवर और पदाधिकारियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस पीसीआर चालक व पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने में जुट गई है। वहीं सड़क जाम की खबर सुनकर कई समाजसेवी रेड़मा चौक पहुंचकर मृतक के परिजनों को हर संभव मुआवजा दिलाने के प्रयास में खड़े रहे।

**करीब पांच घंटे तक रेड़मा...**

अस्त-व्यस्त देखे गये। वहीं जाम में फंसे वाहनों को निकलने के लिए ट्रैफिक पुलिस को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

**खरतनाक इलाकों से 60 हजार...**

सालों में इन इलाकों में अचानक जमीन फटने से मकान, मंदिर, मस्जिद, दुकान आदि के जमींदोज होने की दो दर्जन से भी ज्यादा घटनाएं हुई हैं। ऐसे इलाकों में बरोरा, कतरास, लोदना, पुटकी बलिहारी, कुसुंडा, सिजुआ और बस्ताकोला के क्षेत्र हैं। सबसे पहले इन क्षेत्रों के लोगों को विस्थापित किया जाना है। लगभग 12 हजार परिवारों के 60 हजार लोग बीसीसीएल की ओर से बनाए गए पुनर्वास क्षेत्रों में या फिर अन्यत्र भेजे जाएंगे। इनमें से साढ़े नौ हजार परिवार तो ऐसे हैं, जो कोलियरी की जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा करके रह रहे हैं। इनके अलावा 1900 लोग ऐसे हैं, जिनकी यहां पर जमीनें और मकान हैं। कोयला कंपनी बीसीसीएल में काम कर रहे पांच सौ लोगों के परिवार भी इन बेहद खतरनाक क्षेत्रों में रह रहे हैं। इन्हें भी अन्यत्र भेजा जाएगा। केंद्रीय कोयला सचिव अमृत लाल मीणा और राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने 70 सबसे खतरनाक इलाके वाली आबादी की शिफ्टिंग के मुद्दे पर कोल इंडिया, जिला प्रशासन और बीसीसीएल से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कोल इंडिया चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल, कोयला मंत्रालय के अवर सचिव, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद, बीसीसीएल तकनीकी निदेशक संचालन संजय कुमार सिंह, डीटी प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग उदय अनंत कावले, झरिया मास्टर प्लान महाप्रबंधक धमेंद्र मित्तल आदि मौजूद थे। धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

**मजदूरों से भरी पिकअप वैन...**

आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को वैन के अंदर से किसी तरह से बाहर निकालने में जुट गए। इसके बाद हादसे की सूचना राजनगर पुलिस व एम्बुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक :** हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा : सरायकेला-खरसावां में सड़क हादसे में 7 लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। जिला प्रशासन की देखरेख में हादसे में घायल हुए अन्य लोगों का इलाज कराया जा रहा है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

**चाईंबासा में दूसरे दिन...**

हो गए। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो नक्सली भाग खड़े हुए। इसके बाद भी सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन जारी रखा। इसी दौरान गुरुवार को नक्सलियों द्वारा बिछाई गई एक और आईईडी का विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आए दो जवान घायल हो गए।

**युवक ने माला पहनाने की...**

हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। वहीं, स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) भी सुरक्षा मामले में समीक्षा करेगी।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा संख्या :– RWD/SD/LATEHAR/07/2022-23/RE**

1. विभाग का नाम :– ग्रामीण विकास विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **20-01-2023**
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **20-02-2023** अपराहन् **06:00** बजे तक।
5. जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार के कार्यालय में रखे बक्सा के माध्यम से निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **21-02-2023** अपराहन् **03:30** बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **23-02-2023** पूर्वाहन् **02:00** बजे।
7. कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के नगर पंचायत में शिवपुरी मोहल्ला से बाजार टांड पथ के जायत्री नदी (बाजार–समिति कार्यालय के पास) पर पुलिया निर्माण। | 92,68,700 | 10,000 | 1,86,000 | 6 माह | द्वितीय |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत–बेतला, ग्राम–बेतला में नजबुल्लाह के घर से नया करबल्लाह तक पी0सी0सी0 पथ एवं स्लैब सहित नाली निर्माण। | 90,27,200 | 10,000 | 1,81,000 | 6 माह | द्वितीय |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,लातेहार

PR 287471 (Rural Development)22-23*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 11/2021–22**

**PR No. – 257279 का सप्तम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.01.2023 के अपराहन 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.01.2023 को अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 27.01.2023 को अपराह्न 3.30 बजे तक,
   1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में।
   2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 28.01.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030

10. कार्य की विवरणी :– Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S.Division, Lohardaga for the year 2021-22 under JJM.

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों की संख्या | योजना की संख्या | FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra & Senha | 13 | 44 | 65 | 2141 | Loh/SVS /Cluster-04A | 6,09,21,000.00 | 6,10,000.00 | 10,000.00 | 09 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईटhttp://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 287506 Lohardaga(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार

**अल्पकालीन निविदा**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी, रांची के पत्रांक–झा0कौ0वि0मि0 12/2019–995 एवं पत्रांक–झा0कौ0वि0मि0 145/2020–551 के आलोक में संकल्प योजना के द्वारा लातेहार जिला के विभिन्न प्रखण्डों तथा पंचायतो में Skill Awareness Program के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ कराई जानी है।

उक्त के आलोक में इच्छुक संस्थान/प्रतिष्ठान दिनांक–28.01.2023 को अपराहन् 01:00 बजे तक जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार में अल्पकालिन निविदा जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निविदा दिनांक–30.01.2023 को 03:00 बजे अपराहन् में समिति के या उसके प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में खोला जायेगा।

अल्पकालिन निविदा के तकनीकी, वित्तीय एवं अन्य शर्त्ते हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
अपर समाहर्त्ता, लातेहार

PR 287470 Labour Employment and Traning (22-23)_D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0– 01/CEOZP/2022–23**

पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 28(आ0)/राँची, दिनांक 21.10.2022 के द्वारा प्राप्त आदेश एवं उपलब्ध राशि– 9000000.00 (नब्बे लाख) रूपये से पलामू जिला में चयनित 30 ग्राम पंचायतों में पंचायत ज्ञान केन्द्र स्थापित करते हुये प्रभावी बनाने के लिये सामग्री के आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों उच्च गुणवता एवं मानक का होना आवश्यक है। निविदा/कोटेशन में प्राधिकृत विक्रेता ही भाग ले सकते हैं। प्रत्येक पंचायतों में आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों की विवरणी निम्नवत हैः–

| | |
|---|---|
| विभाग | जिला परिषद का कार्यालय, पलामू। |
| विज्ञापन दाता का नाम | सचिव, जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा/कोटेशन प्राप्त करने की तिथि | 30.01.2023 को 2:00 बजे अपराहन तक। |
| निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि | 30.01.2023 को 3:00 बजे अपराहन में। |

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | Make Model & Configuration | Qty | Rate/Pc | Total Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टील बुक अलमीरा | Material- Metal, Floor mount, Number of Shelves-5 | 04 | 3000.00 | 12000.00 |
| 2 | डेस्क 5 फीट × 4 फीट | Wooden/Steel/Iron/Woodent+Iron | 02 | 8000.00 | 16000.00 |
| 3 | प्लास्टिक कुर्सी (स्टैंडर साईज) | Nilkamal/Cello or Equivalent (Arm Chair) | 20 | 1000.00 | 20000.00 |
| 4 | कम्प्यूटर टेबल (स्टैंडर साईज) | Godrej Intrio/Equivalent- Computer Table | 02 | 7500.00 | 15000.00 |
| 5 | कम्प्यूटर कुर्सी (स्टैंडर साईज) | Godrej Intrio/Equivalent- Computer Chair with Arm | 02 | 5000.00 | 10000.00 |
| 6 | डेस्कटॉप कम्प्यूटर (कैमरा सहित) | All in One, Windows11, 12th Gen Intel-i3, 8GB RAM DDR4, 256 GB SSD, HDD (With Camera) | 02 | 55000.00 | 110000.00 |
| 7 | UPS | APC/V-Guard/Exide | 02 | 20000.00 | 4000.00 |
| 8 | प्रिन्टर | Laser Jet Single Function Monochrome Printer | 02 | 13500.00 | 27000.00 |
| 9 | LED स्क्रीन (40 इंच) | 40 inch MI/LG/Sony | 02 | 20000.00 | 40000.00 |
| 10 | UV Water purifier (स्टैंडर युनिट) | Kent/Aqua Guard/V-Guard/Havells (8 Ltr Container with 15 LPH Output) | 01 | 7500.00 | 7500.00 |
| 11 | सूचना बोर्ड (स्टैंडर साईज) | Glass Cover 3×4 feet | 01 | 3000.00 | 3000.00 |
| 12 | हाईस्पीड स्टेण्ड पंखा (स्टैंडर साईज) | Havells/Usha/Bajaj/V-Guard | 02 | 3000.00 | 6000.00 |
| 13 | मैगेजीन स्टैण्ड (स्टैंडर साईज) | A4 Metal Floor standing catalogue magazine holder rack display stand | 01 | 2700.00 | 2700.00 |
| 14 | स्टील अलमीरा (स्टील युनिट) | Godrej Intrio/Equivalent | 01 | 18800.00 | 18800.00 |
| 15 | सोलर लाईट | Solar Lantern 5W with AC Charger and Solar Panel with 1 Yr | 04 | 2000.00 | 8000.00 |
| | | | | Total:- | 300000.00 |

- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले बीड पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के नियम एवं शर्तें तथा पंचायतों की सूची पलामू जिला **NIC** के **Website- www.palamu.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू।

PR 287487 District(22-23)D

NEWS इन ब्रीफ

## खाचानोव को हराकर सेमीफाइनल में ड्रैपर

**एडिलेड।** जैक ड्रैपर ने कारेन खाचानोव को गुरूवार को लगातार सेटों में 6-4, 7-6(3) से हराकर एडिलेड इंटरनेशनल 2 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। खाचानोव ने एडिलेड से सात दिन पहले ड्रैपर को हराया था लेकिन 21 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी ड्रैपर ने उस हार का बदला चुका लिया और पिछले छह महीने में अपने तीसरे एटीपी सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 20 वर्षीय ड्रैपर का सेमीफाइनल में स्वीडन के माइकल यमर या दक्षिण कोरिया के सून-क्वो क्वोन से मुकाबला होगा।

## विश्व नंबर एक खिलाड़ी अलकाराज अर्जेंटीना ओपन से करेंगे शुरुआत

**नयी दिल्ली।** विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अलकाराज 2023 सत्र की शुरूआत ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ओपन से करेंगे जो 11 फरवरी से खेला जाएगा। टूनामेंट आयोजकों ने ट्विटर पर यह घोषणा की। अर्जेंटीना ओपन के आयोजकों ने कहा नंबर एक खिलाड़ी अर्जेंटीना में खेलेंगे। 19 वर्षीय स्पेन के खिलाड़ी पहली बार हमारे टूनामेंट में हिस्सा लेंगे।

## राफेल नडाल को मिला मुश्किल ड्रा

**मेलबर्न।** विश्व के नंबर दो खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के राफेल नडाल को वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में मुश्किल ड्रा मिला है। मेलबर्न पार्क में उनका पहला मुकाबला ब्रिटेन के इन-फॉर्म खिलाड़ी स्कॉट ड्रेपर से होगा। नडाल 22 ग्रैंड स्लैम खिताबों के साथ टेनिस इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी हैं।

## अभ्यास मैच में भारत बांग्लादेश से हारा

**जोहानसबर्ग।** भारत और मेजबान दक्षिण अफ्रीका को अंडर-19 महिला विश्व कप के अभ्यास मैचों में हार का सामना करना पड़ा जबकि रवांडा ने आयरलैंड पर सनसनीखेज जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने सात विकेट पर 121 रन बनाये जिसमें शोरना अख्तर ने 54 गेंदों में नाबाद 75 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 118/2 रन ही बना सकी।

## रियल मैड्रिड की रोमांचक जीत

**रियाद।** स्पेनिश सुपर कप के पहले सेमीफाइनल में पेनल्टी पर वालेंसिया पर रियाल मैड्रिड की रोमांचक जीत ने कार्लो एंसेलोटी के खिलाड़ियों पर अपना असर डाला है, क्योंकि वे बेटिस या एफसी बार्सिलोना के खिलाफ रविवार के फाइनल की तैयारी कर रहे हैं। बुधवार रात 39वें मिनट में करीम बेंजेमा की पेनल्टी ने रियाल मैड्रिड को आगे किया, लेकिन सैमुअल लिनो ने ब्रेक के तुरंत बाद वालेंसिया के लिए बराबरी कर ली, दूसरे हाफ के शेष और 30 मिनट के अतिरिक्त समय में कोई और गोल नहीं हुआ।

# 48 साल बाद चैम्पियन बनने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

### आज स्पेन से खेलेगा अपना पहला मुकाबला

### जीत के साथ शुरुआत करने चाहेगा भारत



**एजेंसी। राउरकेला**

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर पुराना गौरव लौटाने की दिशा में पहला कदम रख चुकी भारतीय हॉकी टीम शुक्रवार को स्पेन के खिलाफ पुरूष हॉकी विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी तो उसका इरादा विश्व कप में पदक के लिए 48 साल का इंतजार खत्म करने का होगा। ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीत चुकी भारतीय टीम ने एकमात्र विश्व कप 1975 में कुआलालम्पुर में अजितपाल सिंह की कप्तानी में जीता था। उसके बाद से टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी है।

इससे पहले 1971 में पहले विश्व कप में भारत ने कांस्य और 1973 में रजत पदक जीता था। इसके बाद 1978 से 2014 तक भारत ग्रुप चरण से आगे नहीं जा सका। पिछली बार भी भुवनेश्वर में हुए विश्व कप में भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हारकर बाहर हो गया था। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस बार अपनी सरजमीं पर पदक के प्रबल दावेदारों में से है। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत ने हाल ही में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था हालांकि उसे 1-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। ग्राहम रीड की टीम ने आस्ट्रेलिया जैसी दमदार टीम को एक मैच में हराकर छह साल बाद उसके खिलाफ जीत दर्ज की। इस वर्ष एफआईएच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर में से हैं। उनके अलावा अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह पर सफलता का दारोमदार होगा। डिफेंडर अमित रोहिदास भी काफी अनुभवी हैं और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ भी हैं।

### पहला मैच काफी महत्वपूर्ण, कर रहे फोकस : रीड

**कोच** ग्राहम रीड ने कहा : पहला मैच काफी महत्वपूर्ण है और हम उसी पर फोकस कर रहे हैं। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज स्पेन भारत के लिए कभी आसान प्रतिद्वंद्वी नहीं रहा, हालांकि वह टूर्नामेंट की सबसे युवा टीमों में से है। स्पेन 1971 और 1998 में उपविजेता रहा और 2006 में कांस्य पदक जीता। अर्जेंटीना के मैक्स काल्डास की कोचिंग और अलवारो इग्लेसियास की कप्तानी में स्पेन ने पिछले साल अक्टूबर-नवम्बर में भुवनेश्वर में हुए प्रो लीग मैचों में भारत को पहले मैच में 3-2 से हराया था। दूसरा मैच पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा था। पिछले साल फरवरी में प्रो लीग मैचों में स्पेन ने पहला मैच 5-3 से जीता जबकि दूसरा भारत ने 5-4 से अपने नाम किया।

### सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की कोशिश

*__भारत__ का सामना शुक्रवार को स्पेन से होगा और मेजबान की मंशा जीत के साथ शुरुआत करने की होगी ताकि क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बना सके। हर ग्रुप से शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी और दूसरे तथा तीसरे स्थान की टीमों के बीच क्रॉस ओवर मैच होंगे। क्रॉस ओवर के जरिए अंतिम आठ में पहुंचने पर सामना गत चैम्पियन बेल्जियम जैसी कठिन टीमों से हो सकता है।*

## इंडिया ओपन 2023 ने इवेंट के निर्माण में अपना नया पार्टनर चुना

**एजेंसी। मुंबई**

नयी दिल्ली में 17 से 22 जनवरी तक आयोजित होनेवाले इंडिया ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट ने आधिकारिक पार्टनर भागीदार के रूप में भारत की अग्रणी मल्टीप्लेक्स श्रृंखला, आईनॉक्स लीजर लिमिटेड के साथ करार किया है। इसकी घोषणा यहां गुरुवार को की गई। केडी जाधव इंडोर हॉल, आईजी स्टेडियम, नई दिल्ली में खेला जाने वाला योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2023, भारत में अब तक का सबसे बड़ा पेशेवर बैडमिंटन टूनामेंट होगा और इसमें कुछ शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे।

साझेदारी के तहत, आईनॉक्स भारत में अपने सिनेमाघरों और अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर टूर्नामेंट का प्रचार करेगा। आईनॉक्स टूर्नामेंट के प्रचार के लिए सिनेमा लॉबी और एलईडी डिस्प्ले में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) को भी जगह उपलब्ध कराएगा। कंपनी ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा : बैडमिंटन के क्षेत्र में भारतीय खिलाड़ियों के जुनून और प्रत्याशित सफलता का जश्न मनाने और टूनामेंट के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए आईनॉक्स भी अपना अभियान शुरू कर रहा है।

## जोकोविच की वापसी से टेनिस प्रशंसकों में उत्साह



### भारत के पूर्व टेनिस खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन ने कहा, देश के साथ दुनिया के प्रशंसक उत्साहित

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत के पूर्व टेनिस खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन का मानना है कि शीर्ष क्रम के पुरुष एकल खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की आस्ट्रेलियन ओपन 2023 में वापसी से देश के साथ-साथ दुनिया के टेनिस प्रशंसकों में भारी उत्साह है।

10वें आस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए जोकोविच की तलाश टूर्नामेंट के पहले दौर में रॉबटरे काबार्लेस बायेना के खिलाफ खेलकर शुरू होगी और संभवतः अंतिम-आठ चरण में निक किर्गियोस से भिड़ सकते हैं। लेकिन पिछले हफ्ते सत्र की शुरुआती एडिलेड इंटरनेशनल जीतने के रास्ते में अपनी हैमस्ट्रिंग में चोट के बाद जोकोविच की भागीदारी पर संशय के बादल मंडरा रहे थे। 35 वर्षीय जोकोविच को कानूनी लड़ाई के बाद अपने कोविड-19 टीकाकरण के रुख को लेकर आस्ट्रेलियन ओपन 2022 की पूर्व संध्या पर आस्ट्रेलिया से बाहर कर दिया गया था और इसी तरह के कारणों से यूएस ओपन से चूक गए थे। उन्होंने कहा : आस्ट्रेलियाई ओपन में जोकोविच की वापसी ने यहां भारत सहित दुनिया भर के टेनिस प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है।

देववर्मन ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क द्वारा एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा : महान खिलाड़ी ध्यान आकर्षित करते हैं, जिसके वे हकदार हैं, इस साल इगा स्वीयाटेक, कैस्पर रुड, डेनियल मेदवेदेव, कोको गॉफ और निक किर्गियोस जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ एक नए युग की शुरूआत होगी, जो इसमें शामिल होंगे। यह ग्रैंड स्लैम चैंपियन के रूप में आने वाले वर्षों में टेनिस के महान खिलाड़ी बन सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : नीमियर से स्वीयाटेक का पहला मुकाबला



**एजेंसी। मेलबर्न**

विश्व की पहले नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वीयाटेक का वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में शुरुआती मुकाबला जर्मनी की जूल नीमियर से होगा जबकि दूसरी सीड ट्यूनीशिया की ओंस जाबौर का मुकाबला स्लोवेनिया की तमारा जिदानसेक से होगा। गुरुवार को निकाले गए ड्रा के अनुसार स्वीयाटेक, अमेरिका की जेसिका पेगुला और कोको गॉफ ड्रा के टॉप हाफ में हैं जबकि दूसरी सीड जाबौर, चौथी सीड फ्रांस की कैरोलिना गार्सिया और पांचवीं सीड बेलारूस की आर्यना सबालेंका निचले हाफ में हैं। स्वीयाटेक को हाल में पेगुला के हाथों यूनाइटेड कप में लगातार सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। पेगुला ने अमेरिका को पहले यूनाइटेड कप में खिताबी जीत दिलाई थी।

सातवीं सीड कोको गॉफ अपने अभियान की शुरूआत चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा के खिलाफ मुकाबले से करेंगी। उनका दूसरे दौर में 2021 की यूएस ओपन चैम्पियन एमा रादुकानू और क्वार्टर फाइनल में स्वीयाटेक से मुकाबला हो सकता है। जाबौर ड्रा के निचले हाफ में चौथी सीड केरोलिना गार्सिया, नंबर पांच आर्यना सबालेंका और नंबर आठ डारिया कसात्किना के साथ हैं। जाबौर पिछले वर्ष चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पायी थीं।

## सेमीफाइनल में पहुंची बडोसा

**एडिलेड।** दुनिया की 11वें नंबर की स्पेन की पाउला बडोसा ने गुरुवार को ब्राजील की बीट्रीज हद्दाद मायिया को ढाई घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 7-6(5), 7-5 से हराकर एडिलेड इंटरनेशनल 2 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सीधे सेटों में जीत दर्ज की, लेकिन मैच ढाई घंटे से आगे तक खिंच गया, क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने पहले मुकाबले में काफी अच्छी तरह से एक-दूसरे का आमना- सामना कर रही थीं, जिसमें 74 मिनट का पहला सेट और उसके बाद 81 मिनट का दूसरा सेट था। अंतिम चार में, बडोसा का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त डारिया कासात्किना से होगा, जो चेक गणराज्य की दो बार की ग्रैंड स्लैम विजेता पेट्रा क्वितोवा पर जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।

## ऑस्ट्रेलिया नहीं खेलेगा अफगानिस्तान में

**एजेंसी। कैनबरा**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के परामर्श के बाद, अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने से मना कर दिया है। यह श्रृंखला यूएई में मार्च में खेली जानेवाली थी। हाल ही में तालिबान शासन में महिलाओं और लड़कियों पर लगाए गए शैक्षणिक प्रतिबंधों के कारण यह फैसला लिया गया है। फरवरी में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय दौरे पर आएगी। पहले यह तय किया गया था कि इस दौरे के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम यूएई में यह वनडे सीरीज खेलेगी, जो आईसीसी सुपर लीग का भी हिस्सा होगी। लेकिन सीए के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में अब यह कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया यह सीरीज नहीं खेलेगा। हाल ही में तालिबान शासन में महिलाओं और लड़कियों पर लगाए गए शैक्षणिक प्रतिबंधों के कारण यह फैसला लिया गया है। आईसीसी के सीईओ जेफ अलार्डिस ने भी तालिबान के इस फैसले को चिंताजनक बताया था।



सीए ने इस सीरीज में हिस्सा लेने या न लेने के बारे में फैसला लेने के लिए विभिन्न संस्थाओ के साथ चर्चा की, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सरकार से भी राय ली गई थी। सीए के बयान में कहा गया है : ऑस्ट्रेलियाई सरकार सहित प्रासंगिक हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने फैसला किया है कि वह मार्च 2023 में संयुक्त अरब अमीरात में निर्धारित ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच आगामी तीन मैचों की पुरुष वनडे सीरीज में हिस्सा लेने में असमर्थ है। यह निर्णय तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा, रोजगार के अवसरों, पार्कों और जिमों तक पहुंचने पर लगाए गए प्रतिबंधों की हालिया घोषणा के बाद लिया गया है।

बयान में आगे कहा गया है : सीए, अफगानिस्तान सहित दुनियाभर में महिलाओं और पुरुषों के लिए खेल का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है और देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए बेहतर स्थिति की संभावना के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ जुड़ना जारी रखेगा। हम इस मामले पर समर्थन के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार को धन्यवाद देते हैं। नवम्बर 2021 में होबार्ट में खेले जानेवाले एकमात्र टेस्ट के स्थगित होने के बाद महिलाओं पर तालिबान सरकार की नीतियों के कारण दो साल में यह दूसरी बार है, जब सीए ने अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज को रद्द कर दिया है।

## पाकिस्तान ने दूसरा वनडे 79 रन से गंवाया

### लक्ष्य का पीछा करते 152 डॉट गेंदे खेली

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने कराची के मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे में 79 रनों से हार झेली है। मैच में पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड टीम 261 पर ऑलआऊट हो गई थी। ड्वेन कॉनवे 101 तो केन विलियमसन 85 रन बनाने में सफल रहे थे। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम 43 ओवरों में 182 रन पर ऑल आऊट हो गई। पाकिस्तान टीम ज्यादा ही डिफेंसिव नजर आई। उन्होंने 43 ओवरों की 258 में से 152 गेंदें डॉट खेलीं। कप्तान बाबर आजम ने ही 114 गेंदों पर 79 रन बनाए। बहरहाल, न्यूजीलैंड ने ड्वेन कॉनवे और कप्तान केन विलियमसन की बदौलत अच्छी शुरुआत की थी। कॉनवे लय में दिखे उन्होंने 92 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाए। जबकि विलियमसन ने 100 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 85 रन बनाए। न्यूजीलैंड का मध्यक्रम बुरी तरह फ्लॉप रहा लेकिन मिशेल सेंटनर ने उपयोगी 37 रन बनाए और टीम का स्कोर 261 तक ले गए। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। ओपनर फखर जमां 0 तो इमाम उल हक 6 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद बाबर आजम और मो. रिजवान ने 99 गेंदों में 55 रन बनाए।

## मलेशिया ओपन : क्वार्टर फाइनल में पहुंचे प्रणय

**एजेंसी। कुआंलालम्पुर**

सीजन की अपनी विजयी शुरुआत को जारी रखते हुए एचएस प्रणय गुरुवार को मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता तृसा जॉली और गायत्री गोपीचंद गुरुवार को यहां महिला युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा से हार गईं। एक्सियाटा एरिना के कोर्ट 1 पर खेलते हुए, वर्ल्ड नंबर 8 प्रणय ने एक घंटे से अधिक के मैच में 19वीं रैंकिंग के चिको आरा ड्वी वाडोयों पर जीत दर्ज की और हेड टू हेड में इंडोनेशियाई के रिकॉर्ड के बराबरी की। इससे पहले, दिन में तृसा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल राउंड-आफ-16 मैच में हारकर बाहर हो गयीं।

एसए-20 लीग

### फरेरा का ने चार विकेट झटकने के बाद 82 रन भी बनाये

# प्रदर्शन से खुश होंगे आरआर के प्रशंसक : आरपी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एसए-20 के रोमांचक मुकाबले में, विकेटकीपर-बल्लेबाज डोनोवन फरेरा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जोबर्ग सुपर किंग्स ने डरबन के सुपर जायंट्स को 16 रनों से हरा दिया। दिसम्बर 2022 में आईपीएल 2023 मिनी प्लेयर नीलामी में राजस्थान रॉयल्स द्वारा 50 लाख में खरीदे गए फरेरा ने 40 गेंदों में 82 रन बनाए। फरेरा ने जोबर्ग सुपर किंग्स के 27/4 पर सिमटने के बाद पांच छक्के और आठ चौके लगाए।



उनकी धमाकेदार पारी ने सुपर किंग्स को प्रतिस्पर्धी स्कोर 190/6 तक पहुंचा दिया। फरेरा ने अपने करियर में अब तक 27 टी-20 मैच खेले हैं और 158 से अधिक की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट के साथ 621 रन बनाए हैं। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने बताया कि आईपीएल 2023 में फरेरा को खरीदना राजस्थान रॉयल्स के लिए कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने वायकॉम18 के हवाले से कहा : रॉयल्स के प्रशंसक फरेरा के साथ खुश होंगे। वह टीम में बहुत विविधता लाते हैं और अच्छी तरह से क्षेत्ररक्षण करते हैं। हालांकि उन्होंने एक कैच छोड़ दिया था। लेकिन बल्लेबाजी दौरान उन्होंने बड़े शॉट खेले और दबाव को अच्छी तरह से झेला। (रोमारियो) शेफर्ड के साथ साझेदारी मैच का टर्निंग पॉइंट थी। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान भी सुपर किंग्स के लिए फरेरा की बल्लेबाजी की प्रशंसा कर रहे थे। उन्होंने कहा : किसी के लिए भी मैदान पर आना और शॉट खेलना आसान नहीं होता। उन्होंने वास्तव में मैच को विपक्ष से पूरी तरह से छीन लिया।

### जोफ्रा आर्चर शारीरिक के साथ मानसिक लड़ाई भी लड़ रहे : जहीर खान

**केपटाउन।** जोफ्रा आर्चर ने एसए-20 लीग के पहले मैच में जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके और अपनी टीम एमआई केपटाउन की आठ विकेट से जीत में योगदान दिया। आर्चर की वापसी पर भारत के पूर्व गेंदबाज जहीर खान ने तारीफ करते हुए कहा : यह आर्चर के लिए एक भावनात्मक वापसी भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा : आर्चर केवल शारीरिक लड़ाई नहीं लड़ रहे, जो उन्हें लड़नी चाहिए, बल्कि वह मानसिक लड़ाई भी लड़ रहे हैं। इतने लंबे समय तक खेल से दूर रहना किसी के लिए भी आसान नहीं है।

